दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 21 सितंबर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 272 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# गाजियाबाद के कारोबारियों से 75 लाख की रंगदारी मांगने वाला अनिल दुजाना गैंग का कुख्यात बलराम ठाकुर एनकाउंटर में मारा गया

**- 25 मिनट तक पुलिस और बदमाशों के बीच चली गोलियां**

**- एडीसीपी क्राइम, इंस्पेक्टर और तीन सिपाहियों की जैकेट में फंसे कारतूस**







**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड की टीम ने 50 हजार के इनामी बदमाश और अनिल दुजाना गैंग के कुख्यात सदस्य बलराम ठाकुर को पुलिस मुठभेड़ में मार गिरया है। दो दिन पहले ही बलराम ठाकुर पर गाजियाबाद के दो कारोबारियों से 75 लाख रुपए की रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज हुआ था। एक मुकदमा कवि नगर थाने और दूसरा सिहानी गेट पुलिस ने किया था। अधिकारियों के निर्देश के बाद पुलिस की कई टीमें आरोपी बलराम ठाकुर की तलाश में थी।

शनिवार की रात वेव सिटी थानाक्षेत्र के डासना अंडरपास के निकट क्राइम ब्रांच स्वाट टीम और पुलिस कमिश्नरेट टीम के साथ ही बलराम ठाकुर की मुठभेड़ हुई। जिसमें पुलिस और बदमाश के द्वारा लगभग 25 मिनट तक एक दर्जन से अधिक राउंड गोली चली हैं। इस दौरान बुलेरो सवार बलराम पर एडीसीपी पीयूष सिंह, स्वॉट टीम क्राइम ब्रांच प्रभारी अनिल राजपूत और तीन सिपाहियों के बुलेट प्रूफ जैकेट में गोली और कारतूस लगने की जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के कार्यकाल का यह पहला फुल एनकाउंटर है। जिसमें बदमाश को मिट्टी में मिलाया गया है। बता दें कि शुक्रवार को गाजियाबाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि यहां बदमाशों पर कभी फिल्म बनती है, अब क्राइम खत्म हो रहा है और उसके बाद गाजियाबाद पुलिस ने बदमाश को मिट्टी में मिलाने का काम किया है।

## एडीसीपी क्राइम और स्वॉट टीम प्रभारी ने संभाला था मोर्चा







करंट क्राइम : कुख्यात बदमाश बलराम ठाकुर की धरपकड़ के लिए बीते कई घंटों से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की टीमें कई स्थानों पर ताबड़तोड़ दबी दे रही थी। तो क्राइम ब्रांच स्वाट के प्रभारी अनिल राजपूत अपनी टीम के साथ लगे हुए थे। वहीं एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह भी बदमाश की लगातार लोकेशन और मुखबिरों से जानकारी जुटा रहे थे। शनिवार की रात जैसे ही वेव सिटी थानाक्षेत्र में डासना अंडरपास के निकट बदमाश और पुलिस का आमना सामना हुआ। दोनों ओर से गोली चली और कमान एडीसीपी और क्राइम ब्रांच प्रभारी अनिल राजपूत संभाले हुए थे।

## बदमाशों और पुलिस के बीच हुआ आमना-सामना



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में मुख्यमंत्री योगी के निर्देश का कमिश्नर जे रविंदर गौड पालन कर रहे हैं। बदमाशों को लगातार पुलिस सबक सिखाने का काम कर रही है। तो वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश बदमाशों को मिट्टी में मिलाने का अभियान भी चल रहा है। इसी के तहत जहांगीराबाद के हिस्ट्रीशीटर और 50 हजार के इनामी बदमाश बलराम ठाकुर को पुलिस ने ढेर करने का काम किया है। बताया जा रहा है उसके कई गोली लगी हैं। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जहांगीराबाद के इस कुख्यात बदमाश का संबंध नोएडा के अनिल दुजाना गैंग से रहा है। पूर्व में भी बलराम ठाकुर नोएडा में हुई कई सनसनीखेज हत्याओं में जेल गया है। तो वहीं वह यूपी एसटीएफ के भी लगातार निशाने पर रहा है।

## मुख्यमंत्री के जीरो टॉलरेंस पर खरे उतर रहे हैं पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड



करंट क्राइम : गाजियाबाद में मुख्यमंत्री योगी के दिशा निर्देश पर ही आईपीएस अधिकारी जे रविंदर गौड को अप्रैल माह में तैनाती दी गई थी। उससे पहले गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर पर फील्ड पर न निकलने, जनप्रतिनिधियों से बेहतर संवाद ना होने और आम जनता से सीधे मुलाकात ना करने के आरोप लगाते थे, लेकिन गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में चार्ज लेने के बाद जे रविंदर गौड ने जहां पुलिसकर्मियों का भ्रष्टाचार पर प्रहार किया। तो वहीं पुलिस कर्मियों को शिष्टाचार का पाठ पढ़ाया। जनप्रतिनिधियों से बेहतर संवाद स्थापित किया और कानून व्यवस्था की स्थिति को मजबूत करने के लिए लगातार एक्शन मोड में रहते हैं। उनके द्वारा लगातार थानों की निरीक्षण से लेकर पुलिस वेलफेयर को लेकर तमाम काम कराए गए हैं। पुलिस कार्यालय से लेकर कर्मचारियों की वर्किंग सुधारी गई है। तो वहीं जिस तरीके से बीते दो दिनों के दौरान 10 पुलिस कर्मियों को भ्रष्टाचार और लापरवाही के मामले में निलंबित किया गया है। तो वहीं मुख्यमंत्री के दौरे के तुरंत बाद कुख्यात अनिल दुजाना गैंग के बलराम ठाकुर को पुलिस ने ढेर करने का काम किया है। इससे उसकी गुड वर्किंग और जीरो टॉलरेंस नीति जो मुख्यमंत्री का निर्देश है, उसका अनुपालन होता हुआ नजर आ रहा है।

## मदन स्वीट से रंगदारी मांगने वाले दो बदमाश हो चुके हैं अब तक ढेर

करंट क्राइम : राकेश मार्ग स्थित मदन स्वीट्स की पुरानी दुकान है और उनसे रंगदारी मांगने वाले दो बदमाशों को पुलिस मिट्टी में मिलाने का काम कर चुकी है। जहां एसएसपी मुनिराज के कार्यकाल में गाजियाबाद पुलिस ने बिल्लू दुजाना जो की 50, हजार का इनामी बदमाश था, उसको ढेर करने का काम किया था। तो अब आईपीएस पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे रविंदर गौड के कार्यकाल में पुलिस ने बलराम ठाकुर को मिट्टी में मिलाकर अपराधियों को सबक सिखाने का काम किया है।

## एके-47 और पिस्टल से चलाई पुलिस ने गोलियां



करंट क्राइम : पुलिस सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस ने जब बलराम ठाकुर को बुलेरो गाड़ी में रोकने और उसपर काबू पाने का प्रयास किया, तो वह पुलिस पर सीधे फायर करने लगा। जिसके बाद क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम ने एके-47 और पिस्टल से गोली चलाकर बलराम ठाकुर को दबोचने का प्रयास किया लेकिन वह लगातार फायरिंग कर रहा था। जिसके बाद एडीसीपी और क्राइम ब्रांच स्वाट प्रभारी ने टीम के साथ सीधे उसपर हमला बोल दिया और उसे मुठभेड़ में ढेर करते हुए मिट्टी में मिला दिया गया।

# गाजियाबाद की इलेक्ट्रिक बसों से बढ़ेगी ग्रेटर नोएडा में आयोजित उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो की शान

## गाजियाबाद में भी जल्द इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाने पर रहेगा जोर

**फैसला**

**“ गाजियाबाद से 25-29 सितंबर ग्रेटर नोएडा में मौजूद रहेगी वातानुकूलित 30 बसें**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद शहर व ग्रामीण इलाकों में भविष्य में इलेक्ट्रिक वातानुकूलित बसों की संख्या में वृद्धि होगी। इसको लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक द्वारा संबंधित अधिकारियों और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त एसडी शर्मा के साथ बैठक की गई है। जिसमें गाजियाबाद के अलग-अलग ग्रामीण इलाकों में इलेक्ट्रिक वातानुकूलित बसों की संख्या बढ़ाने का फैसला लिया गया है। तो वहीं खास बात यह है कि ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो-2025 में गाजियाबाद से 30 वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें भेजी जाएगी। इन बसों के साथ कंडक्टर और ड्राइवर भी भेजे जाएंगे। यह 29 सितंबर तक नोएडा ग्रेटर में सेवा देगी, जो कार्यक्रम 25 सितंबर से शुरू होना है। खास बात यह रहेगी कि पूरी सेवा निशुल्क रहने वाली है।

## ग्रेटर नोएडा को उपलब्ध कराई जाएगी गाजियाबाद की बसें

करंट क्राइम : गाजियाबाद के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जानकारी दी है उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो का आयोजन ग्रेटर नोएडा में भव्य रूप से होने जा रहा है। यह 25 से 29 सितंबर तक होगा, इसमें गाजियाबाद की सिटी ट्रांसपोर्ट के माध्यम से 30 बसों को ड्राइवर कंडक्टर सहित भेजा जाएगा। उस कार्यक्रम के दर्शकों को लाने ले जाने के लिए निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराएंगी। इन बसों की खासियत यह है कि यह वातानुकूलित होने के साथ इलेक्ट्रिक बसे हैं, जो प्रदूषण नहीं फैलाएंगी और लोगों को कूल-कूल एहसास करेंगे।

## गाजियाबाद में ट्रिपल पी प्रोजेक्ट को बढ़ाया जाएगा आगे



करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा है कि शहर के लोगों को वातानुकूलित बसों की सुविधा बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इसे ट्रिपल पी मॉडल के आधार पर बनाया जाएगा, इसके लिए बस शेल्टर और इलेक्ट्रिक व्हीकल और ट्रांसपोर्टेशन को बढ़ावा देने के लिए कई कंपनियों से बातचीत की जा रही है। साथ ही इन बसों के संचालन से जहां वायु प्रदूषण की स्थिति में लगातार कमी आ रही है। तो वहीं जनप्रतिनिधियों के साथ ही क्षेत्रीय लोगों को भी इससे काफी राहत मिल रही है। वह इसे बड़ी परियोजना के रूप में देख रहे हैं। बैठक में सिटी ट्रांसपोर्ट के वरिष्ठ अधिकारियों में राजेंद्र कुमार, डिप्टी कलेक्टर मुख्य संचालक अधिकारी मौजूद रहे। तो वहीं सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त एसडी शर्मा के कार्यालय की प्रगति और कौशांबी से दादरी ,लोनी, मंडोला व अन्य क्षेत्रों में चल रही बसों के बारे में महत्वपूर्ण चर्चा भी की गई है।

# कमिश्नरेट में महिलाओं की सुरक्षा और स्वावलम्बन के लिए 'मिशन शक्ति फेज 5.0' अभियान का शुभारंभ

## सीपी, डीएम और सीडीओ रहे मौजूद

**अभियान**

**“ अभियान का लाइव प्रसारण जिले के सभी थानों और पुलिस लाइनों में भी देखा गया**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए मिशन शक्ति फेज 5.0 का राज्यव्यापी विशेष अभियान शुरू किया गया।



एनआईसी सेंटर में पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय/अपराध) केशव चौधरी, जिलाधिकारी रविंदर कुमार, अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और जन प्रतिनिधि वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से जुड़े। अभियान का लाइव प्रसारण जिले के सभी थानों और पुलिस लाइनों में भी देखा गया।

## पिंक बूथ पर हो रहे हैं महिला न्याय के प्रयास



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। तो वहीं इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा के लिए कई विशेष कदम उठाए गए हैं। अब महिलाओं के लिए आत्मरक्षा और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया गया। तो वहीं महिलाओं को समाज में समान अवसर और नेतृत्व क्षमता बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। चौबीसों घंटे शिकायत और सहायता प्रणाली की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। पुलिस, प्रशासन और अन्य संस्थाओं के सहयोग से सतत निगरानी एवं कार्यप्रणाली लागू की गई।



## 1304 पुलिसकर्मियों ने लिया भाग



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाइ गई है। जिसमें पुलिस कमिश्नरेट में कुल 1304 अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रशिक्षण, जागरूकता और महिला सुरक्षा कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। तो वहीं पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बताया कि मिशन शक्ति फेज 5.0 अब केवल लक्ष्य नहीं, बल्कि व्यावहारिक रूप में लागू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य महिलाओं को हर स्तर पर सुरक्षित और सशक्त बनाना है।

# चमोली: दिल दहलाने वाला मंजर देख रो पड़ा गांव

## मां की छाती से लिपटे मिले जुड़वां बच्चे, मलबे से निकाले गए तीनों शव

**चमोली में आपदा का कहर ऐसा बरसा कि कई परिवार बिखर गए। एक मां और दो जुड़वा बेटों की मौत हो गई। मलबे से मां और दो बच्चों के शव निकाले गए तो गांव का हर शख्स इस दिल दहलाने वाले मंजर को देखकर रो पड़ा। जबकि पिता को 16 घंटे बाद मलबे से जिंदा निकाला जा सका।**





**चमोली।** चमोली नंदानगर की आपदा ने कई घर उजाड़ दिए, लेकिन सबसे दर्दनाक तस्वीर जो सामने आई उसने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। एक मां और दो जुड़वा बच्चों के शव। मलबे में लापता लोगों की तलाश की जा रही थी। तभी तीन शव मिले। दोनों जुड़वा बच्चे अपनी मां की छाती से चिपके थे। ये कुंवर सिंह का परिवार था। 16 घंटे तक मलबे में दबे रहने के बाद उन्हें जिंदा निकाला गया, लेकिन सब कुछ खोकर कुंवर सिंह टूट गए।

उत्तराखंड के चमोली जिले के नंदानगर के कुंतरी लगा फाली गांव में बादल फटने से भारी तबाही मचाई। लापता लोगों की तलाश में रेस्क्यू अभियान जारी है। मलबे से मां और दो बच्चों के शव निकाले गए तो गांव का हर शख्स इस दिल दहलाने वाले मंजर को देखकर रो पड़ा।

नंदानगर की आपदा में मलबे में दबे कुंवर सिंह 16 घंटे बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए हैं। लेकिन उनके परिवार को बचाया नहीं जा सका। पत्नी और दो जुड़वा बच्चे आपदा में मारे गए।

फाली लगा कुंतरी के बलवंत सिंह का एक बेटा परिवार के साथ दूसरे शहर में रहता है और दूसरा पुत्र कुंवर सिंह, पत्नी और जुड़वा बेटों के साथ गांव में रहते थे। उन्होंने मजदूरी करके अपना घर बनाया।

दोनों बच्चे विकास और विशाल (10 साल) सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ते थे। बृहस्पतिवार तड़के पूरा परिवार घर में सो रहा था। तभी आपदा आई और पूरा घर मलबे में दब गया। सुबह जब राहत और बचाव कार्य शुरू शुरू हुआ तो मकानों से मलबा हटाने पर बचावकर्मियों को एक घर से किसी की आवाज सुनाई दी। जब उन्होंने रोशनदान से कमरे में देखा तो कुंवर सिंह के अंदर होने का पता चला।

जिस पर रेस्क्यू टीम ने तेजी से उन्हें बाहर निकालने का काम शुरू किया। शाम करीब छह बजे कुंवर सिंह को बाहर निकाल लिया गया। कमरे में कुंवर सिंह का आधा शरीर मलबे में दबा हुआ था। चेहरे पर भी मिट्टी जमा थी, लेकिन रोशनदान से उन्हें सांस लेने में मदद मिलती रही। कुंवर सिंह को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। उनकी पत्नी कांती देवी सहित दोनों बेटे मलबे में दबे हुए हैं।

लेकिन अब जब उनकी पत्नी और दोनों जुड़वा बच्चों के शव मिले तो पूरा गांव बिलख पड़ा।

## सेवा पखवाड़ा: दिल्ली विधानसभा में पीएम पर किताबों की गैलरी का उद्घाटन

**दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को सेवा पखवाड़े के तहत इस गैलरी का उद्घाटन किया। दो अक्तूबर तक आम नागरिकों के लिए गैलरी खुली रहेगी।**



**नई दिल्ली।** विधानसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लिखे साहित्य पर सबसे बड़ी किताब गैलरी बनाई गई है। ये पीएम के प्रेरक जीवन, शासनकाल, उपलब्धियों को एक छत के नीचे समेटे हुए है। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को सेवा पखवाड़े के तहत इस गैलरी का उद्घाटन किया। दो अक्तूबर तक आम नागरिकों के लिए गैलरी खुली रहेगी। ये युवाओं व शोधकताओं के पास पीएम के विजन से प्रेरणा लेने का खास मौका है।

शीर्षक अपने प्रधानमंत्री को जानें किताब गैलरी पीएम के जीवन, शासन व भारत को विकसित बनाने के उनके संकल्प को समर्पित की गई है। विधानसभा पुस्तकालय में इसके लिए खास गैलरी बनाई गई है। इसके उद्घाटन के मौके पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट और कई विधायक मौजूद रहे। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह गैलरी पीएम की प्रेरक यात्रा को एक पुस्तकालय में समेटने का अनोखा प्रयास है। यह न केवल उनकी उपलब्धियों को दशार्ती है बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।

विजेंद्र ने कहा कि यह एक जीवंत दस्तावेज है जो पीएम के विजन और भारत के विकास की कहानी बयां करती है। इस संग्रह को समय के साथ और समृद्ध बनाएंगे। ये छात्रों, शोधकताओं और विधायकों के लिए उपयोगी है।

गैलरी में पीएम की लिखी और उनके जीवन पर आधारित करीब 200 से ज्यादा खास किताबें हैं। इनमें एग्जाम वारियर्स, मोदी एट द रेट 20, मन की बात एट द रेट 100, ज्योतिपुंज, सामाजिक समरसता और द मोदी इफैक्ट जैसी किताबें शामिल हैं। ये किताबें देशभर से जुटाई गई हैं और कई भाषाओं में उपलब्ध हैं। अगर दिल्लीवासियों के पास पीएम पर लिखी कोई किताब है तो उसे इस गैलरी में जोड़ा जाएगा।

## मुजफ्फरनगर में टोल सहायक मैनेजर की हत्या

### मुआवजे की मांग को लेकर परिजन बैठे धरने पर



**मुजफ्फरनगर। करंट क्राइम।** हाईवे पर टोलकर्मियों की गुंडागर्दी अब चिंता का विषय बनती जा रही है। डांट खाने से नाराज टोल कर्मचारियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर सहायक मैनेजर अरविंद पांडे का पहले अपहरण किया, फिर बेरहमी से हत्या कर दी। इस हत्याकांड के विरोध में शनिवार को टोल पर धरना दिया गया।

घटना दिल्ली-देहरादून हाईवे पर स्थित छपार टोल प्लाजा की है। यह टोल प्लाजा रालोद नेता और पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद मलिक के अधीन बताया जा रहा है। गुरुवार देर रात करीब 2 बजे, टोल के मुख्य मैनेजर मुकेश चौहान और सहायक मैनेजर अरविंद पांडे टोल प्लाजा से कुछ दूरी पर स्थित एक गेस्ट हाउस में आराम कर रहे थे। तभी 5-6 लोग कार से वहां पहुंचे अंदर घुसकर दोनों पर डंडों, रॉड और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में दोनों घायल हो गए। इसी बीच अरविंद पांडे को जबरन कार में डालकर अगवा कर लिया गया। अगवा किए गए अरविंद पांडे का शव शुक्रवार शाम मेरठ जिले के जानी थाना क्षेत्र, गांव भोला के पास गंगनहर पटरी पर पड़ा मिला। शव पर कई जगह धारदार हथियारों के निशान थे।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने बताया कि मुख्य मैनेजर मुकेश चौहान की तहरीर पर हत्या और अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर ली और गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाईं।

## घरों में भरा मलबा, आशियाने न बचा पाने का आखों में दिखा दर्द



**देहरादून।** आपदा से कई गांवों में लोगों का सब कुछ तबाह हो चुका है। बरबादी के मंजर का डर लोगों की आंखों में साफ झलक रहा है। न तो लोगों के पास पहनने के लिए कपड़े हैं न ही और कुछ। एक-दो घर बचे हैं उनमें भी मलबा भरा हुआ है। कई जगह तो लोगों के आशियाने मलबे में बदल चुके हैं। वहीं, लोग जो कुछ सामान घरों में बचा है उन्हें बाहर निकालकर दूसरी जगह रख रहे हैं।

दून में आई आपदा ने लोगों को गहरा दर्द दिया है। आशियानें, दुकानें सब कुछ तबाह हो चुका है। सहस्त्रधारा, मजाडा, कालीगांड़, मालदेवता समेत अन्य क्षेत्रों में तबाही का मंजर लोगों को डरा रहा है। प्रभावितों के पास न तो कपड़े हैं न ही खाने पीने का सामान। आंखों में तबाही का दर्द है और अपने घरों को देखकर आंसू झलक रहे हैं। कई लोग तो गांव से दूसरी जगह रह रहे है। वहीं, तबाही वाले गांवों में लोग कुछ एक जो सामान बचा है उसे निकाल रहे हैं और दूसरी जगह ले जा रहे हैं।

आपदा प्रभावित राजेश, विनोद, शीतल ने बताया कि आपदा के कारण घर में रखा सामान नष्ट हो चुका है। दूसरी जगह ही रात बिता रहे हैं। गांव का मंजर तक आंखों से देखा नहीं जा रहा है।

**जहां आशियाने बचे वहां मलबे से खराब हो गया सामान :** आपदा में कई जगह लोगों के घर तक तबाह हो चुके हैं। ऐसे में जहां घर बचे हैं वहां मलबा भर गया है। इसके कारण मलबे से लोगों के घरों में रखा सामान खराब हो गया है। मलबे के कारण लोग घरों में भी नहीं रह पा रहे हैं।

## गरबा में केवल हिंदू वाले विहिप के परामर्श पर रार, भाजपा बोली- आयोजकों का हक, कांग्रेस बिफरी





**मुंबई।** महाराष्ट्र में विश्व हिंदू परिषद के गरबा कार्यक्रम में केवल हिंदू वाले परामर्श को लेकर रार छिड़ गई है। विहिप ने नवरात्र गरबा कार्यक्रम के आयोजकों को सलाह जारी की है। इसमें कहा गया है कि गरबा कार्यक्रमों में केवल हिंदुओं को ही प्रवेश दिया जाए। साथ ही प्रवेश करने वालों के आधार कार्ड की जांच करें। विहिप की इस सलाह का भाजपा ने समर्थन किया है। जबकि कांग्रेस ने विहिप पर आरोप लगाए हैं।

**पहले समझिए विहिप की सलाह :** देशभर में नवरात्र 22 सितंबर से एक अक्तूबर तक मनाई जाएगी। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीराज नायर ने कहा कि गरबा महज एक नृत्य नहीं है। बल्कि देवी को प्रसन्न करने की पूजा का एक रूप है। मुसलमानों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि वे लोग मूर्ति पूजा में विश्वास नहीं रखते। केवल उन्हीं लोगों को इसमें भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए, जो इन अनुष्ठानों में आस्था रखते हैं।

विहिप ने गरबा आयोजकों को परामर्श जारी कर प्रवेश द्वार पर आधार कार्ड की जांच करने, प्रतिभागियों को तिलक लगाने और प्रवेश से पहले पूजा करने को कहा है। नायर ने कहा कि विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता आयोजनों पर नजर रखेंगे। गरबा पूजा का एक रूप है, मनोरंजन नहीं। जिन लोगों की देवी में आस्था नहीं है, उन्हें इसका हिस्सा नहीं बनना चाहिए।

**भाजपा के मंत्री की प्रतिक्रिया :** विहिप के रुख पर भाजपा के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा, 'गरबा आयोजनों में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाना आयोजन समितियों के अधिकार में है।' यह उनका अधिकार है। बशर्ते उन्होंने आयोजन के लिए पुलिस से अनुमति ली हो। आयोजन समितियों को इसके आधार पर निर्णय लेना चाहिए।

महाराष्ट्र भाजपा मीडिया प्रमुख नवनाथ बान ने कहा कि गरबा एक हिंदू आयोजन है। अन्य धर्मों के लोगों को हिंदुओं द्वारा गरबा करने और देवी की पूजा करने में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। हम देवी की पूजा करते हैं। वे हमारी मां के समान हैं। बान ने शिवसेना नेता संजय राउत के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि वह एक विशेष समुदाय के वोटों पर नजर रखकर इसका विरोध कर रहे हैं, लेकिन लोग उन्हें या उनकी पार्टी को नहीं बख्शेंगे।

**कांग्रेस ने क्या कहा? :** इस मुद्दे पर महाराष्ट्र कांग्रेस विधायक दल के नेता और राज्य के पूर्व मंत्री विजय वडेट्टीवार ने कहा कि विहिप समाज में आग लगाना चाहती हैं। वे धर्म के नाम पर समाज को बांटना चाहते हैं और इससे राजनीतिक लाभ उठाना चाहते हैं। इसमें कोई नई बात नहीं है। इस संगठन का जन्म ही देश को अस्थिर करने के इरादे से हुआ है। वडेट्टीवार ने दावा किया कि विहिप जैसे संगठनों का ऐसा रुख भारत की विविधता में एकता की नींव को हिला देता है। यह सरकार के रुख को भी दशार्ता है।

इस पर भाजपा नेता ने पलटवार करते हुए कहा कि वडेट्टीवार को पता होना चाहिए कि कांग्रेस का लोगों को बांटने का इतिहास रहा है।

## कांग्रेस ने साधा निशाना, कहा- 'रणनीतिक चुप्पी' बन गई बोझ




**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के एच-1 वीजा शुल्क बढ़ाने के फैसले को लेकर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा है। पार्टी ने मोदी को ₹कमजोर₹ प्रधानमंत्री करार देते हुए कहा कि उनकी ₹रणनीतिक चुप्पी₹ और ₹शोर-शराबे वाले दिखावे₹ अब बोझ बन गए हैं।

लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एच1-बी वीजा पर हाल के फैसले से अमेरिकी सरकार ने भारत के सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली लोगों के भविष्य पर प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि मुझे अभी भी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का साहस याद है, जब अमेरिका में एक महिला आईएफएस राजनयिक का अपमान किया गया था। गोगोई ने आरोप लगाया कि अब प्रधानमंत्री मोदी की ‖रणनीतिक चुप्पी‖ और 'शोर-शराबा' की प्राथमिकता भारत और उसके नागरिकों के राष्ट्रीय हित के लिए बोझ बन गई है।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया कि आठ साल बाद, राहुल गांधी एक बार फिर निर्दोष साबित हुए। उन्होंने गांधी के 2017 के एक पोस्ट को उन मीडिया रिपोर्टों के साथ टैग किया जिनमें कहा गया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच बातचीत में एच-1बी वीजा का मुद्दा नहीं उठा था। खेड़ा ने प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने 2017 में ही इस पर चिंता जताई थी और तब से कुछ भी नहीं बदला है। भारत अभी भी एक कमजोर प्रधानमंत्री के साथ फंसा हुआ है।

**ट्रंप ने क्यों बढ़ाया शुल्क ? :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत एच-1बी वीजा का वार्षिक शुल्क 1,00,000 अमेरिकी डॉलर कर दिया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि एच-1बी कार्यक्रम का दुरुपयोग राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। घोषणापत्र में कुछ गैर-आप्रवासी श्रमिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने और कंपनियों द्वारा अमेरिका में काम करने वाले कर्मचारियों को भर्ती करने के लिए वीजा पर यह भारी शुल्क लगाने का प्रावधान है।

ट्रम्प ने घोषणापत्र में कहा कि एच-1बी गैर-आप्रवासी वीजा कार्यक्रम अस्थायी श्रमिकों को अमेरिका में लाने के लिए बनाया गया था, ताकि वे अतिरिक्त, उच्च-कुशल कार्य कर सकें, लेकिन इसका जानबूझकर शोषण किया गया है, ताकि अमेरिकी श्रमिकों की पूर्ति के बजाय, उन्हें कम वेतन वाले, कम-कुशल श्रमिकों से प्रतिस्थापित किया जा सके।

## पीएम मोदी ने बच्चे का चित्र देख जताया स्नेह, भावुक हुआ मासूम



**भावनगर।** गुजरात के भावनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा के दौरान एक भावुक कर देने वाला पल देखने को मिला। ये बात तब की है जब पीएम मोदी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद एक छोटे बच्चे ने अपने हाथों से बनाया हुआ प्रधानमंत्री मोदी का चित्र उन्हें भेंट करने के लिए लाया था। जब पीएम मोदी की नजर उस बच्चे और उसके बनाए चित्र पर पड़ी, तो उन्होंने मंच से ही उसे देखा और उसकी मेहनत को सराहा। प्रधानमंत्री की इस प्रतिक्रिया को देखकर बच्चा भावुक हो गया और उसकी आंखों से आंसू निकल आए।


इस बात पर वहां मौजूद लोगों ने तालियां बजातकर बच्चे की कला और भावनाओं की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने न सिर्फ उस चित्र को स्वीकार किया, बल्कि मुस्कुराते हुए उस बच्चे की ओर हाथ भी हिलाया और ये भी कहा कि मैं तुम्हें चिट्ठी लिखूंगा। यह पल इस कार्यक्रम की सबसे सौम्य और दिल को छू जाने वाली झलक बन गया।

**गुजरात में पीएम नरेंद्र मोदी :** बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के भावनगर में भव्य रोडशो के साथ अपने दौरे की शुरूआत की। हजारों लोगों के स्वागत के बीच पीएम मोदी ने गांधी मैदान पहुंचें। जहां उन्होंने 34,200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इसके बाद पीएम मोदी ने एक साथ कई सारे मुद्दों पर जनसभा को संबोधित किया। 'समुद्र से समृद्धि' जैसे योजनाओं पर जोर देते हुए पीएम मोदी ने आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाने की बात कही।

**कांग्रेस पर भी साधा निशाना :** इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारत में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है, लेकिन आजादी के बाद कांग्रेस ने देश की क्षमताओं को नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने कहा कि आजादी के 6-7 दशक बीत जाने के बाद भी भारत वह सफलता हासिल नहीं कर पाया, जिसका वह हकदार था।

पीएम मोदी ने इसके दो मुख्य कारण बताए, पहला, कांग्रेस ने लंबे समय तक देश को लाइसेंस-कोटा राज में उलझाए रखा और वैश्विक बाजारों से अलग-थलग किया। दूसरा, जब वैश्वीकरण का दौर आया, तो सिर्फ आयात का रास्ता अपनाया गया और घोटालों का सिलसिला शुरू हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों ने देश के युवाओं का सबसे ज्यादा नुकसान किया और भारत की असली ताकत को सामने नहीं आने दिया। उन्होंने जोर दिया कि अब समय है कि भारत आत्मनिर्भर बने और दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा हो।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 21 सितंबर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## सुल्लामल रामलीला कमेटी है एक बड़ा संयुक्त परिवार, हम आये हैं कुछ नया करने और हमने किया है ये सुधार : सुधीर गोयल मोनू





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर की सबसे पुरानी रामलीला कमेटी की बात करें तो ये श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी है। एक ऐसी कमेटी जिसका चुनाव रोचक होता है। एक ऐसी रामलीला कमेटी है जिसकी राम बारात की भव्यता पूरे उत्तर प्रदेश में मानी जाती है। ये रामलीला कमेटी एक ऐसी कमेटी है जो रामलीला मंचन के साथ-साथ वेलफेयर के काम भी करती है। वेलफेयर और चैरीटी के लिए संस्था अलग अलग तरीकों से धन उपार्जन करती है। इस बार रामलीला कमेटी में अजय बंसल अध्यक्ष, नरेश अग्रवाल महामंत्री हैं। सुधीर गोयल मोनू कोषाध्यक्ष हैं। संजीव मित्तल साजू वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। चार बार कोषाध्यक्ष रह चुके अनिल चौधरी इसी कमेटी में कनिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। प्रदीप मित्तल मंत्री हैं और रविन्द्र मित्तल लेखा परीक्षक हैं। रामलीला मंचन की बात सभी कर रहे हैं और रामलीला के इतर नई कमेटी ने क्या किया है इसे लेकर करंट क्राइम ने रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू से बात की। सुधीर गोयल मोनू ने कहा कि सबसे पहली बात तो ये है कि यह रामलीला कमेटी केवल कमेटी नहीं है बल्कि एक परिवार है। यहां वैचारिक मतभेद हो सकते हैं और किन्हीं विषयों को लेकर मतांतर हो सकता है लेकिन राम के काम में हम सब एक हैं और कहीं किसी प्रकार का कोई गतिरोध नहीं है। सुधीर गोयल मोनू ने ये बताया कि 6 मार्च को उन्होंने कोषाध्यक्ष पद पर चार्ज संभाला था और उन्होंने उसी दिन सुंदरकांड पाठ का आयोजन कराकर एक संदेश दिया। उन्होंने बताया कि हमने सभी सदस्यों के लिए वाहन पास बनवाये हैं। ये व्यवस्था इसलिए करनी पड़ी कि यह शिकायतें प्राप्त हो रही थी कि कई बार रामलीला के समय या अन्य दिनों में प्रवेश करते समय पार्किंग संचालक द्वारा रोका जाता है। रामलीला कमेटी के सम्मानित सदस्यों को किसी प्रकार का कोई कष्ट ना हो और उनका सम्मान बरकरार रहे, इसके लिए मौजूदा कमेटी द्वारा सदस्यों के लिए वाहन पास बनाये गये और सभी सदस्यों के सदस्यता पहचान पत्र भी बनवाये गये हैं। उन्होंने कहा कि कमेटी लगातार काम कर रही है और स्वयं कोषाध्यक्ष के रूप में वह अपना शतप्रतिशत योगदान दे रहे हैं। रामलीला स्टेज की तीनो तरफ की सीढ़ियों पर पत्थर लगवाये गये हैं और यहां स्टील रेलिंग भी लगवाई गई है ताकि स्टेज पर किसी को आने जाने में परेशानी ना हो। कमेटी ने रामलीला के मुख्य द्वार के बाहर पानी की खराब पड़ी मशीन को सही कराया है। ताकि सभी के लिए शीतल जल उपलब्ध हो सके। कमेटी के कामों की जानकारी देते हुए सुधीर गोयल मोनू ने कहा कि यहां पर राम भवन की सुंदरता को बढ़ाने के लिए विशेष काम हुआ है। कमेटी के तत्वाधान में रामलीला भवन की चारों दीवारों पर टाईल्स लगवाई गई हैं और महिलाओं को कोई परेशानी ना हो इसके लिए इसी हॉल में अलग से महिला शौचालय का निर्माण कराया गया है। उन्होंने इसके अलावा जानकारी देते हुए कहा कि अब से पहले जो काम नहीं हुए वो काम इस कमेटी ने कराये हैं। उन्होंने बताया कि रामलीला मैदान में सभी लोगों के लिए फिजियोथेरेपी सेंटर का निर्माण कराया गया है। यहां सभी के लिए उपचार की व्यवस्था है।

### इस बार भावनाओं से जुड़ी होगी सीता मां की विदाई

करंट क्राइम। रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू ने बताया कि इस वर्ष रामलीला मंचन में मां सीता की विदाई के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि सहारनपुर में विशेष रूप से मां सीता मैया की पालकी को तैयार कराया गया है। जिस पर लगभग 3 लाख रूपये की लागत आई है। उन्होंने बताया कि इस बार मां सीता जी की विदाई का कार्यक्रम भव्य होगा। भव्य डोली में मां सीता जी की विदाई जब शहर के प्रमुख बाजारों से होगी तो अनेक स्थानों पर राम भक्त अपने परिवार सहित मां सीता जी का स्वागत करेंगे। इसके लिए अलग अलग प्वाइंट बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अशोक वाटिका और जानकी भवन में सुधार का काम हो रहा है। इसे इस तरह से निर्मित किया जा रहा है कि इसकी भव्यता भी रहे और हमारा प्रयास है कि इसकी दर ऐसी रखी जायेगी कि मध्यम वर्गीय वर्ग यहां आसानी से अपने कार्यक्रम आयोजित कर सके। उन्होंने कहा कि समय कम है और काम बहुत है। रामलीला मैदान से लेकर रामलीला मंचन के लिए हर संभव काम हो रहा है। सभी का सहयोग मिल रहा है।

### सुख और दुख की घड़ी में हम खड़े हैं पूरे समाज के साथ

करंट क्राइम। सुल्लामल रामलीला के कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू ने कहा कि यह कमेटी एक परिवार है और सबसे बड़ी बात ये है कि केवल रामलीला मंचन ही नहीं हम समाज के हर सुख और दुख में उनके साथ खड़े हैं। अगर समाज में किसी के यहां शोक की कोई घड़ी है तो हमारी सांत्वना है और हमने यहां समाज के सहयोग के लिए ही शव वाहन खरीदे हैं। आधुनिक शव वाहन खरीदा गया है। इसके अलावा 4 अन्य शव वाहन कमेटी के पास हैं। ये व्यवस्था समाज के लोगों के लिए है और कमेटी का पूरा प्रयास समाज के दुख में काम आने का है।

## कूड़ा खा गया साईट-4 औद्योगिक क्षेत्र की एक तरफ की सड़क

### ट्रैफिक हो गया बंद और लोग हो रहे हैं कूड़े से परेशान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अब से पहले ये सुना था कि बरसात सड़क को खा गई है। बरसात के बाद ये पता ही नहीं चल रहा कि कई स्थानों पर गड्ढों में सड़क है या सड़क में गड्ढे हैं।

मगर एक वार्ड में कमाल ये हुआ है कि कूड़ा एक तरफ की सड़क खा गया है और कूड़े के कब्जे के चलते अब एक सड़क पर कूड़ा है और दोनों तरफ का यातायात चल रहा है। ये कहानी साहिबाबाद साईट-4 क्षेत्र के वार्ड संख्या 41 की है। यहां से क्षेत्रीय पार्षद भाजपा के हैं और यहां पर धीरे धीरे कूड़ा डलना शुरू हुआ और कूड़ा आता तो रहा लेकिन इसे उठाया नहीं गया और अब ये आलम है कि कूड़े ने एक तरफ की सड़क ही कब्जा ली।

अब एक तरफ कूड़ा है और इस तरफ की सड़क पर पैदल चलने का स्थान भी नहीं बचा है। जनता ने इस स्थिति को अपनी नियति मान लिया है और उन्होंने खामोशी के साथ दूसरी सड़क आधी आधी बांट ली है। इसी सड़क पर आना भी हो रहा है और जाना भी हो रहा है।

### लोग कहते हैं यूपीसीडा से बेहतर था नगर निगम का राज



करंट क्राइम। कूड़ा क्यों फैला और कूड़े का निस्तारण क्यों नहीं हुआ। इसको लेकर भी कहानी आधी आधी है। दरअसल ये वार्ड आधा आधा बंट गया है। आधा वार्ड यूपीसीडा के पास है और आधा वार्ड नगर निगम के पास है। जिस हिस्से में कूड़ा फैला है वो हिस्सा यूपीसीडा के पास आता है। और जिस हिस्से में कूड़े का निस्तारण हो रहा है वो हिस्सा नगर निगम के पास आता है। कूड़े का भराव यहां होता रहा और यूपीसीडा के अधिकारियों ने इसकी कोई सुध नहीं ली। उन्होंने कूड़ा उठवाने के कोई प्रयास नहीं किये और नतीजा ये हुआ कि कूड़े ने रास्ता ही घेर लिया।

### घर से निकलना हो गया है दूभर

करंट क्राइम। यहां पर कूड़े के कारण केवल सड़क ही जाम नहीं हुई है बल्कि इस कूड़े के कारण यहां रहने वाले क्षेत्रीय लोगों का जीना भी हराम हो गया है। उन्होंने बताया कि इस कूड़े के कारण क्षेत्र में बदबू फैल रही है। जिनके घर यहां सामने हैं वो बता रहे हैं कि घर से निकला दूभर हो गया है। कूड़े के कारण महामारी का खतरा फैल रहा है और अब ये लग रहा है कि इससे बेहतर नगर निगम से कम से कम कूड़ा उठ तो जाता था।

### कई बार कह चुका मगर कोई सुनवाई नहीं हुई : भूपेन्द्र उपाध्याय



करंट क्राइम। जिस वार्ड में कूड़ा सड़क को खा गया है उस वार्ड के पार्षद भूपेन्द्र उपाध्याय बताते हैं कि मैंने कई बार इस कूड़े निस्तारण के लिए यूपीसीडा के अधिकारियों से कहा लेकिन कोई भी यहां कूड़ा उठवाने को तैयार नहीं हुआ। मैं पूरे प्रयास कर चुका हूं लेकिन यूपीसीडा के अधिकारी नहीं सुन रहे हैं।

### आईजीआरएस व सरकारी पत्राचार पर जीडीए उपाध्यक्ष की सख़्ती

## शिकायतों के निपटान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स ने आईजीआरएस और अन्य सरकारी पत्रों के निपटान में सख्ती दिखाई है।

**समीक्षा बैठक के मुख्य बिंदु**

**सख्ती और जवाबदेही:** उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे हर दिन कम से कम 5 आईजीआरएस मामलों की रैंडम जांच करें और मौके से तस्वीरें अपलोड करें। गलत जवाब देने पर संबंधित कर्मचारी का वेतन रोकने की चेतावनी दी गई है।

**शिकायतों का निपटान:** सभी शिकायतों के निपटान के लिए मौके का निरीक्षण और जीपीएस फोटो संलग्न करना अनिवार्य कर दिया गया है। भविष्य में खराब गुणवत्ता पाए जाने पर कार्रवाई और वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं।

**हेल्पलाइन की समीक्षा:** हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के संतोषजनक समाधान न होने पर भी कड़ी आपत्ति जताई गई।

**प्रशासनिक निर्देश:** ओएसडी श्री राजीव रतन सिंह को प्रशासनिक कार्यों में और अधिक गंभीरता और सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

गुणवत्ता पर जोर: अधिकारियों को शासन और डीएम कार्यालय से जारी निर्देशों के अनुरूप निपटान की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित बैठकें करने के निर्देश दिए गए हैं।

उपाध्यक्ष ने यह स्पष्ट किया कि जनता से जुड़े मामलों में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने दोहराया कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जनता की समस्याओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है।

## पुलिस कमिश्नरेट में दो दिन में ताबड़तोड़ कार्रवाई, 10 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**कार्रवाई**

> बताया जा रहा है कि इन कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भ्रष्टाचार और लापरवाही के आरोप में गाजियाबाद पुलिस ने पिछले दो दिनों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 10 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है।

सीएम योगी के दौरे के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में दो दिनों में पुलिस के 10 कर्मियों को भ्रष्टाचार, अनुशासनहीनता और लापरवाही में शामिल पाए जाने पर उन्हें निलंबित किया गया है। उधर बताया जा रहा है कि इन कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

### ड्यूटी में लापरवाही से लेकर उगाही पर हुआ एक्शन

### भ्रष्टाचार पर दो पुलिसकर्मी किए गए निलंबित

करंट क्राइम : नागरिक सेवा में लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप में पुलिस उपायुक्त द्वारा दो पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। सूत्रों के अनुसार, निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों में आरक्षी तेजवीर सिंह और आरक्षी सोनू का नाम शामिल है। आरोप यह है कि दोनों कर्मियों ने डायल 112 के तहत अपनी जिम्मेदारियों का ठीक प्रकार से पालन नहीं किया और संबंधित मामलों में अनियमितता बरती। आरक्षी तेजवीर सिंह पर आरोप है कि उन्होंने अपनी ड्यूटी के दौरान निर्धारित स्थान पर खड़े होने के बजाय अन्य स्थानों पर उपस्थित होकर पीआरवी वाहनों की निगरानी में अनियमितता की। इसी तरह, दूसरे आरक्षी पर भी समान प्रकार की अनियमितताओं का आरोप है। पुलिस के अधिकारियों ने दोनों के खिलाफ संबंधित मामलों में आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। मामले की जांच आगे भी जारी है।



> पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में किसी भी स्तर पर भ्रष्ट आचरण बर्दाश्त नहीं करेगा। पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।
>
> **जे रविंदर गौड**, पुलिस कमिश्नर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद




### शुक्रवार को इन पर हुआ था एक्शन

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ईमानदारी और जवाबदेही बनाए रखने के लिए सीपी के द्वारा लगातार कदम उठाया जा रहा है। जिसमें शुक्रवार को निलंबित पुलिसकर्मियों में मधुबन बापूधाम थाने के सब-इंस्पेक्टर ऋषभ शुक्ला, कौशांबी थाने के सब-इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार, मधुबन बापूधाम थाने के हेड कॉन्स्टेबल संदीप मलिक, नगर कोतवाली के कॉन्स्टेबल अवधेश चौधरी, बापूधाम थाने के कॉन्स्टेबल दलवीर सिंह और शाहनवाज शामिल हैं। तो भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में लोनी बॉर्डर थाने के कॉन्स्टेबल पुष्पेंद्र सिरोही और ट्रैफिक विभाग के हेड कॉन्स्टेबल संजय कुमार को भी सस्पेंड किया गया। पुष्पेंद्र सिरोही का ऑडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह ऑटो चालकों से पैसा लेने की बात कर रहा था, जबकि संजय कुमार का वीडियो आईएमएस कॉलेज के सामने स्कूटी पर बैठकर ऑटो का पीछा करते दिख रहा है।

## नहीं थमा शनिवार को भी संजय नगर वालों की रामलीला का घमासान

### बैठ गये रजिस्ट्रार ऑफिस में धरने पर और शाम को विधायक ने पहुंच कर कराया समाधान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वैसे तो महानगर की चार प्रमुख रामलीलाओं में घमासान चल रहा है। दो रामलीलाओं में इंटरनल महाभारत चल रही है और दो रामलीलाओं के सारे किरदार अब पूरी ताकत से बाहर आ गये हैं। संजय नगर की रामलीला में रोचक महाभारत है और इस रामलीला की जो महाभारत है उसका रोचक पहलू ये है कि यहां दोनों तरफ से सारे किरदार भाजपाई हैं।

भाजपा के पार्षद ने अध्यक्ष पद के लिए टंकार दी और भाजपा के ही दूसरे पदाधिकारी अध्यक्ष बन कर आ गये। भाजपा वालों के पास ही पुलिस मुचलके लेकर पहुंच गई और शनिवार को तब कमाल हो गय जब कमल वाले ही डिप्टी रजिस्ट्रार ऑफिस में धरने पर बैठ गये। देर शाम तक ये धरना चलता रहा और जब विधायक अजीतपाल त्यागी मौके पर पहुंचे तब जाकर इस मामले का समाधान हुआ। शनिवार को रामलीला में नया मोड तब आया जब डिप्टी रजिस्ट्रार के फैसले को लेकर रामलीला का एक पक्ष रजिस्ट्रार ऑफिस पहुंच गया और उन्होंने धरना शुरू कर दिया। बताते हैं कि डिप्टी रजिस्ट्रार ने कमेटी भंग कर दी थी और उन्होंने पहले क्षेत्रीय पार्षद को अध्यक्ष और अन्य पांच सदस्यों को मिलाकर कमेटी की बात कही थी। इसमें तीन-तीन नाम दोनों पक्षों के थे। लेकिन इस फैसले में अगले दिन परिवर्तन हुआ और फिर से अध्यक्ष वाले पद पर एन्ट्री हो गई। बताते हैं कि इसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ और शनिवार को दोपहर 12 बजे रामलीला कमेटी के दूसरे पक्ष के लोग धरने पर बैठ गये।

धरने का सबसे रोचक पहलू ये था कि इसमें सब के साथ भाजपाई थे। धरने पर बैठने वालों में निवर्तमान नामित पार्षद मोहन सिंह रावत, निवर्तमान नामित पार्षद कपिल वशिष्ठ, भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, युवा मोर्चा पदाधिकारी मोनू त्यागी सहित काफी लोग थे।

डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय में नारेबाजी होती रही। धरने का पंच ये रहा कि नारेबाजी कर रहे भाजपाईयों ने लंच भी यहीं किया और फिर होते होते सुबह से शाम हो गई। लेकिन डिप्टी रजिस्ट्रार नहीं आये। इसके बाद शाम की चाय भी धरना दे रहे रामलीला कमेटी के लोगों ने वहीं पर पी। बताते हैं कि जब मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी को ये सूचना मिली कि एक पक्ष के लोग डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय में धरने पर बैठे हैं तो वो स्वयं वहां पहुंचे और धरना दे रहे कार्यकर्ताओं को समझाया। इसके बाद उन्होंने डिप्टी रजिस्ट्रार को फोन मिलाया और उन्हें पूरा मामला बताया। बताते हैं कि डिप्टी रजिस्ट्रार ने आश्वासन दिया कि वो सोमवार को संशोधित लैटर जारी कर देंगे। इसके बाद विधायक के आश्वासन के बाद कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त किया और वापस लौटे।

## सड़क हादसे में महिला हेड कॉन्स्टेबल की दर्दनाक मौत

## गौतमबुद्धनगर दादरी कोतवाली में थी तैनात

**एक्सिडेंट**

> वेव सिटी थाना क्षेत्र में हुआ दर्दनाक हादसा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिसकर्मियों की सड़क हादसों में जान जाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। शनिवार को वेवे सिटी थानाक्षेत्र के नेशनल हाईवे-9 पर लालकुआं के पास सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला हेड कॉन्स्टेबल अनुराधा की मौत हो गई। हादसा जब हुआ व अपनी स्कूटी से ड्यूटी जा रही थी। इस दौरान एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची वेव सिटी थाना पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। टक्कर के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया।

### मूलरूप से मुजफ्फनगर की रहने वाली थी अनुराधा





करंट क्राइम : पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मूलरूप से मुजफ्फरनगर की रहने वाली अनुराधा वर्तमान में दादरी में तैनात थीं और 2011 में उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में शामिल हुई थीं। शनिवार सुबह वह गोविंदपुरम से स्कूटी पर अपनी ड्यूटी के लिए गौतमबुद्धनगर जा रही थीं। लालकुआं स्थित ओम साईं फार्म हाउस के सामने पहुंचते ही ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह और उनकी स्कूटी जमीन पर गिर गईं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृतक घोषित कर दिया। अनुराधा पूर्व में गाजियाबाद के कविनगर, सिहानी गेट थाने और पुलिस लाइन में भी तैनात रह चुकी थीं। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक अभी फरार है और उसकी तलाश जारी है।

### लगातार पुलिसकर्मी हो रहे हैं हादसों का शिकार

करंट क्राइम : यह घटना पिछले कुछ समय में महिला पुलिसकर्मियों पर हुए अन्य हादसों की याद दिलाती है। 17 अगस्त को कविनगर थाने में तैनात महिला सब-इंस्पेक्टर ऋचा सचान सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थीं। इसके अलावा 25 अगस्त को दिल्ली नेशनल हाईवे पर ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक कांस्टेबल विपिन कुमार को कार से टक्कर मारकर मौत के घाट उतारा गया था। हाल ही में इंदिरापुरम और लिंक रोड थानाक्षेत्र में भी पुलिसकर्मियों पर हमला होने की घटनाएँ सामने आई हैं। गाजियाबाद पुलिस ने बताया कि सभी मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# संपादकीय

## वैश्विक निंदा

अपिछले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र महासभा में इजरायल और फिलिस्तीन के बीच हमास के बगैर द्विराष्ट्र समाधान के पक्ष में भारी समर्थन मिला और गाजा में इजरायल के हमले की आलोचना की गई। फ्रांस संयुक्त राष्ट्र महासभा में न्यूयॉर्क प्रस्ताव लेकर आया था जिसके पक्ष में 142 मत पड़े जबकि 10 देशों (अमेरिका और इजरायल सहित) ने विरोध में मतदान किया। 12 देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। यह 22 सितंबर को होने वाले संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन से पहले आया है, तथा इसमें फ्रांस, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम और पुर्तगाल जैसे अमेरिका के सहयोगी देशों द्वारा फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता दिए जाने की बात कही गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दौरे के बाद ब्रिटेन ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि वह फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देगा। जर्मनी ने भी न्यूयॉर्क प्रस्ताव का समर्थन किया है मगर वह फिलिस्तीनी राज्य का समर्थन नहीं करेगा। इजरायल के साथ जर्मनी के संबंध पेचीदा रहे हैं।

मगर विडंबना यह है कि भारत सहित दूसरे देशों और अब्राहम समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले देशों द्वारा कड़ी निंदा के बाद भी इजरायल और उसका समर्थक अमेरिका अपने रुख से पीछे नहीं हट रहा है। हमास नेतृत्व को निशाना बना कर कतर की राजधानी दोहा में हुए इजरायल के हवाई हमलों के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दोनों देशों के आपसी संबंधों को मजबूती देने पर यरुशलम में चर्चा की। इस बीच, गाजा पर इजरायली हमले बेरोक-टोक जारी हैं। इन हमलों के कारण हजारों फिलिस्तीनी विस्थापित हो गए हैं और पश्चिमी तट पर इजरायल द्वारा अवैध बस्तियां बनाने का सिलसिला भी जारी है। इस बीच, अरब लीग और इस्लामिक सहयोग संगठन की बहु-प्रतीक्षित बैठक के बाद कतर पर इजरायल के हमले की निंदा करने वाला एक नरम बयान जारी कर औपचारिकता पूरी कर ली गई। वास्तव में इजरायल-हमास के बीच वार्ता में प्रमुख मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले और खाड़ी में अमेरिका के सबसे बड़े सैन्य ठिकाने कतर के शीर्ष नेतृत्व ने एक ठोस रक्षा सहयोग समझौते के लिए रूबियो के साथ बातचीत की। ये सभी बातें मौजूदा एवं बदलते वैश्विक भू-आर्थिक वास्तविकता की राजनीति को परिलक्षित कर रही हैं। 1970 के दशक में अरब राष्ट्रों ने योम-किप्पुर युद्ध में इजरायल का समर्थन करने के लिए अमेरिका पर तेल प्रतिबंध लगा दिया था।

**इस राय पर शंका जताई जा रही है कि अमेरिका अगर इजरायल को सैन्य मदद बंद या कम कर दे तो उसकी नीतियां बदल सकती है।**

तब अरब राष्ट्रों के पास ऐसे कदम उठाने की ताकत थी मगर अब अमेरिका तेल के मामले में आत्मनिर्भर हो गया है और दुनिया की अकेली महाशक्ति होने के साथ ही हथियारों का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता भी है। इजरायल के कुल हथियारों के आयात में अमेरिका की लगभग 70 फीसदी हिस्सेदारी होती है। कुवैत, कतर, सऊदी अरब, मिस्र और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के हथियार आयात में भी अमेरिका का 50-70 फीसदी तक दखल है। ये सभी देश फिलिस्तीन से आने वाले शरणार्थियों से परेशान रहे हैं।

इस राय पर शंका जताई जा रही है कि अमेरिका अगर इजरायल को सैन्य मदद बंद या कम कर दे तो उसकी नीतियां बदल सकती है। नेतन्याहू के लंबे कार्यकाल के दौरान इजरायली नागरिकों में कट्टरता की बढ़ती भावना के बीच फिलिस्तीन को लेकर इजरायल अपनी मौजूदा नीतियां जारी रख सकता है। मगर एक बात तो साफ है कि गाजा में इजरायल के हमले की वैश्विक निंदा होने के बाद वास्तविक सह-अस्तित्व के बिना वह (इजरायल) उस जमीन पर दीर्घकालिक शांति का अनुभव नहीं कर सकता है जिस पर वह अपना दावा करता रहा है।

# महाराष्ट्र में रहते हैं देश के सबसे ज्यादा करोड़पति परिवार

**मिलियनियर**

**“महाराष्ट्र के जीएसडीपी में हुई 55 प्रतिशत की वृद्धि**

**मुंबई।** महाराष्ट्र ने देश में सबसे अधिक संपन्न परिवारों वाला राज्य बनने का दर्जा हासिल कर लिया है। मर्सिडीज-बेंज हुरुन इंडिया वेल्थ रिपोर्ट 2025 के अनुसार, राज्य में करोड़पति परिवारों की संख्या बढ़कर 1,78,600 हो गई है। यह 2021 की तुलना में 194 प्रतिशत अधिक है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020-21 से अब तक महाराष्ट्र के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं, अकेले मुंबई में 1,42,000 करोड़पति परिवार हैं, जिससे यह शहर देश की 'करोड़पति राजधानी' बन गई है।

**पूरे देश में आठ लाख से अधिक करोड़पति परिवार :** पूरे भारत में अब 8,71,700 करोड़पति परिवार हैं। इनकी कुल संपत्ति 8.5 करोड़ रुपये या उससे अधिक है। यह 2021 की तुलना में 90 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। यह देश भर में परिवारों की संपत्ति में मजबूत ग्रोथ का संकेत है। इस राष्ट्रव्यापी उछाल के बावजूद, संपत्ति कुछ ही क्षेत्रों में केंद्रित है, और शीर्ष 10 राज्यों में कुल करोड़पति परिवारों का 79 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है।

**किन राज्यों/ वळ में कितने करोड़पति परिवार? :** दिल्ली इस सूची में दूसरे स्थान पर है जहां 79,800 करोड़पति परिवार रहते हैं,

## मुंबई बनी 'मिलियनियर कैपिटल'



तमिलनाडु राज्य स्तर पर तीसरे स्थान पर है जहां 72,600 करोड़पति परिवार रहते हैं,

उसके बाद कर्नाटक 68,800 और गुजरात 68,300 करोड़पति परिवारों के साथ तीसरे स्थान पर है,

इनके अलावा, उत्तर प्रदेश 57,700 करोड़पति परिवारों के साथ छठे स्थान पर है, जबकि तेलंगाना 51,700 परिवारों के साथ उसके ठीक पीछे है, पश्चिम बंगाल में 50,400 परिवार, राजस्थान में 33,100 परिवार और हरियाणा 30,500 करोड़पति परिवारों के साथ शीर्ष 10 में शामिल है, ये सभी राज्य मिलकर आर्थिक समृद्धि के प्रमुख केंद्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो भारत के धन मानचित्र को आकार देते हैं।

शहरों के मामले में, रिपोर्ट में मुंबई को 1,42,000 करोड़पति परिवारों के साथ बेजोड़ ₹करोड़पति राजधानी₹ बताया गया है। इसके बाद नई दिल्ली में 68,200 और बेंगलुरु में 31,600 करोड़पति परिवार हैं। ये तीनों शहरी केंद्र देश में संपन्न परिवारों का सबसे बड़ा केंद्र हैं, जो भारत की धन सृजन की कहानी में महानगरीय क्षेत्रों के महत्व को रेखांकित करता है।

**10 लाख डॉलर वाले परिवारों की संख्या में 445 प्रतिशत की वृद्धि :** हुरुन इंडिया के संस्थापक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद ने कहा कि एक दशक से भी कम समय में, 10 लाख डॉलर से अधिक संपत्ति वाले भारतीय परिवारों की संख्या में 445 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है। यह वृद्धि इस बात को रेखांकित करती है कि धन सृजन हमारे समाज के व्यापक आधार तक कैसे पहुंच रहा है। समृद्धि का यह लोकतंत्रीकरण हमारी अर्थव्यवस्था के लचीलेपन को दशार्ता है, जिसमें लाखों नए धन सृजनकताओं के लिए अवसर फैल रहे हैं।

**शीर्ष तक पहुंचा अभी भी कठिन :** हालांकि यह बात भी सामने आई है कि 2017 के केवल 5 प्रतिशत करोड़पति ही अल्ट्रा-हाई-नेट-वर्थ व्यक्ति बन पाए हैं।

# 'नए जीएसटी सुधारों से बढ़ेगी आमदनी-खपत'

**प्रतिक्रिया**

**“जनता तक पहुंचेंगे दो लाख करोड़ रुपये : वित्त मंत्री**



**नई दिल्ली।** देशभर में नए जीएसटी दरों को लेकर चर्चा तेज है। 22 सितंबर से लागू होने वाले इन दरों को लेकर लोगों ने अपनी मिली जुली प्रतिक्रियाएं भी दी है। ऐसे में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक बार फिर इन नए दरों को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि 22 सितंबर से लागू होने वाले नए जीएसटी सुधारों के कारण देश के लोगों के हाथ में लगभग दो लाख करोड़ रुपये बचेंगे, जिससे घरेलू खर्च और खपत बढ़ेगी।

तमिलनाडु फूडग्रेन मर्चेंट्स एसोसिएसन के 80वें स्थापना दिवस समारोह में बोलते हुए सीतारमण ने कहा कि जीएसटी की दरों को चार स्लैब से घटाकर अब केवल दो स्लैब किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि इससे खासकर गरीब, मध्यम वर्गीय परिवार और छोटे-मध्यम उद्योग को फायदा मिले।

**सामान की कीमतें होंगी कम-सीतरमण :** सीतारमण ने कहा कि इस सुधार के बाद सामान की कीमतें कम होंगी, जिससे लोग ज्यादा खरीदारी करेंगे। उदाहरण के तौर पर, यदि कोई साबुन ज्यादा मात्रा में खरीदता है, तो निमार्ता उत्पादन बढ़ाएगा, जिससे रोजगार बढ़ेंगे और सरकार को अधिक टैक्स मिलेगा। यह एक सकारात्मक चक्र है जो अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा होगा। इस दौरान वित्त मंत्री ने ये भी बताया कि जीएसटी लागू होने से पहले टैक्स देने वाले उद्यमियों की संख्या 65 लाख थी, जो अब बढ़कर 1.5 करोड़ हो गई है।

**आलोचना पर भी दिया जवाब :** इसके साथ ही वित्त मंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स कहकर आलोचना करने की बात पर भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है, बल्कि इसने टैक्स आधार बढ़ाया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पिछले आठ वर्षों में सरकार ने किसी उत्पाद पर ज्यादा टैक्स नहीं लगाया है और अब जो कटौती हो रही है वह सही और लोगों के हित में है।

## राशिफल

**मेष :** शारीरिक रोग से मुक्ति मिलने की प्रबल संभावना है और इस कारण आप शीघ्र ही खेलों में भाग ले सकते हैं। आर्थिक अनिश्चितता आपको मानसिक तनाव दे सकती है।

**वृष :** दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आत्मविश्वास ऊंचा रहेगा। आप जो भी फैसला लेंगे वो आपके लिए फायदेमंद रहेगा। मित्रों के साथ अधिक समय व्यतीत करेंगे।

**मिथुन :** जोश से भरे रहेंगे और दूसरों को नेतृत्व प्रदान करने के इच्छुक रहेंगे। लंबी यात्रा के कारण थकान महसूस करेंगे, आराम करने से आपकी थकान दूर होगी।

**कर्क :** बेचैनी मानसिक शांति को बिगाड़ सकती है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा-लेकिन साथ ही खर्च भी बढ़ेंगे। जीवन साथी मदद करेगा और मददगार साबित होगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। इस राशि के छात्रों को करियर में आगे बढ़ने के कई मौके मिल सकते हैं। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी।

**कन्या :** भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। भवन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकता है। माता-पिता और परिवार के सदस्यों से आर्थिक सहयोग मिलेगा। अवसरों का इंतजार है।

**तुला :** संदिग्ध आर्थिक लेन-देन में फंसने से सावधान रहें। दोस्तों और रिश्तेदारों पर विचार थोपने की कोशिश न करें।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आज आप किसी अजनबी से बात करके अपनेपन का अहसास करेंगे।

**धनु :** आज आपको अपनी मेहनत से बड़ा लाभ मिल सकता है, वो भी इसलिए क्योंकि आपमें काबिलियत है और कुछ बेहतर करने का जज्बा भी।

**मकर :** अपने जीवन को स्थायी न समझें और जीवन के प्रति जागरूकता अपनाएं। अगर आप समझदारी से काम लेंगे तो आज आप अतिरिक्त पैसा कमा सकते हैं।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। परिवारजनों के साथ समय व्यतीत करेंगे। परिवार के साथ अच्छा तालमेल रहेगा। कोई भी काम फायदेमंद हो सकता है।

**मीन :** आज लेन-देन के मामले को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं. परिवार के सदस्यों के साथ वाद-विवाद से बचें। मन धर्म की ओर आकर्षित होगा।

## चुटकुले

वो तो भगवान का शुक्र है कि
पति अक्सर सुन्दर ही होते हैं
वरना दो दो लोगों का
ब्यूटी पार्लर जाना कितना भारी पड़ता!

विदेशों से मेरा बहुत पुराना नाता है।
बचपन मे जब माँ डाट देती थी तो मैं
रूस जाया करता था।

कुछ अमीरों की चर्चा
किसी ने कहा मेरा बाथरुम 10 लाख का तो किसी ने
20 लाख तो किसी ने 50 लाख का बताया
और जब यही बात एक गाँव के आदमी से पूछी गई तो
उसने बताया की मै जहा सुबह लोटा लेके जाता हूँ उस
खेत की कीमत 7 करोड़ है
और ऐसे बाथरुम तो हम रोज बदल देते है!

# खुदरा उत्पादों पर प्रोसेसिंग शुल्क घटा सकते हैं बैंक



**अर्थव्यवस्था**

**“त्योहारों में बढ़ेगा खर्च, आरबीआई ने दिया निर्देश**

**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन में खर्च बढ़ाकर अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ाने के लिए आरबीआई ने बैंकों को डेबिट कार्ड जैसे चुनिंदा खुदरा उत्पादों पर शुल्क घटाने को कहा है। सोमवार से जीएसटी सुधारों के लागू होने के साथ ही अगर बैंक शुल्कों में कटौती करते हैं, तो इससे मांग और खपत में अच्छी तेजी आ सकती है। इससे लोग ज्यादा पैसे खर्च करेंगे।

बैंकों का मानना है कि अगर ऐसा होता है, तो उन्हें शुल्क के रूप में मिलने वाले अरबों रुपये की रकम से हाथ धोना पड़ सकता है। सूत्रों का कहना है आरबीआई ने जिन खुदरा उत्पादों के शुल्क में कमी करने की बात कही है, उनमें प्रमुख रूप से डेबिट कार्ड, न्यूनतम बैलेंस और देर से भुगतान पर लगने वाले शुल्क शामिल हैं।

सूत्रों ने बताया, भारतीय बैंक संघ भी बैंकों के साथ 100 से अधिक खुदरा उत्पादों के शुल्क को घटाने की बातचीत कर रहा है। इन पर आरबीआई की नजर हो सकती है। एक ही उत्पाद के लिए अलग-अलग चुकाई जाने वाली फीस में भारी अंतर ने भी केंद्रीय बैंक का ध्यान आकर्षित किया है। केंद्रीय बैंक उन शुल्कों के प्रति विशेष रूप से सचेत है, जो देश में कम आय वाले ग्राहकों पर असमान रूप से प्रभाव डालते हैं। आरबीआई ने खुदरा उत्पादों पर शुल्क की कोई विशेष सीमा निर्धारित नहीं की है। इसे बैंकों पर छोड़ दिया है।

**शुल्क वसूली की कोई सीमा तय नहीं :** शुल्क वसूलने के मामले में बैंकों के लिए कोई अनिवार्य सीमा तय नहीं है। आंकड़ों के अनुसार, खुदरा और छोटे व्यवसाय ऋणों के लिए प्रसंस्करण शुल्क आमतौर पर 0.5 से 2.5 फीसदी तक होता है। कुछ बैंकों ने होम लोन शुल्क की सीमा 25,000 रुपये तक सीमित कर दी है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।
- पिस्ता में बायोटिन पाया जाता है। बायोटिन बालों को झड़ने से रोकता है। पिस्ता आंखों की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है।
- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

# भारत के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं शाहीन

## पाकिस्तान के इन पांच खिलाड़ियों से रहना होगा सावधान

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को एशिया कप में सुपर चार चरण का मुकाबला खेला जाना है। दोनों टीमों के बीच 14 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर ग्रुप चरण का मैच खेला गया था जहां भारतीय टीम ने एकतरफा अंदाज में मुकाबला अपने नाम किया था। भारत ने इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरूआत यूएई को हराकर की थी, जबकि पाकिस्तान को सात विकेट से हराया था। इसके बाद टीम ने ग्रुप चरण के अंतिम मैच में ओमान को हराया था। अब सुपर चार चरण की बारी है और भारत के सामने अब पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका की चुनौती होगी।

भारत और पाकिस्तान का मैच हमेशा खास होता है और दुनियाभर के क्रिकेट फैंस की नजर इस मैच पर होती है। इसी वजह से इसे महामुकाबला भी कहा जाता है। दोनों टीमें अपने स्तर पर कागजों में काफी मजबूत हैं, लेकिन





बहु-राष्ट्रीय टूनामेंटों में भारत का पलड़ा प्रतिद्वंद्वी टीम पर हमेशा ही भारी रहा है। भारत के पास कई दमदार खिलाड़ी हैं जो पाकिस्तानी आक्रामण को धवस्त कर सकते हैं, लेकिन पाकिस्तान के पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो भारत के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। आइए जानते हैं पाकिस्तान के वो कौन से पांच खिलाड़ी हैं जो भारत को कर सकते हैं परेशान....

नई गेंद से पाकिस्तानी गेंदबाजी की अगुआई करने वाले शाहीन शाह अफरीदी अपने दिन किसी भी टीम के लिए मुसीबत खड़ी कर सकते हैं। शाहीन भारत को पहले परेशानी में डाल चुके हैं और टीम इंडिया के बल्लेबाजों को उनसे बचकर रहने की जरूरत है। भारतीय बल्लेबाजी क्रम को शाहीन के खिलाफ संभलकर खेलना होगा, विशेषकर सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को जो शुरूआत से ही आक्रामक अंदाज से खेलते हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अपनी लहराती गेंदों से भारतीय खिलाड़ियों को परेशान कर सकते हैं। ग्रुप चरण के मैच में शाहीन गेंद से कुछ खास नहीं कर सके थे और भारत के खिलाफ दो ओवर में उन्होंने 23 रन लुटाए, जबकि एक भी विकेट अपने नाम नहीं कर सके। हालांकि, उन्होंने बल्ले से दम दिखाया था और 16 गेंदों पर नाबाद 33 रन बनाए जिससे पाकिस्तान 125 रनों का आंकड़ा पार करने में सफल रहा था।

पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने भारत के खिलाफ एशिया कप के ग्रुप चरण के मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था और 40 रन बनाए थे। साहिबजादा ने भारत के खिलाफ ऐसे समय मोर्चा संभाला था जब पाकिस्तानी टीम की स्थिति खराब थी और लग रहा था कि वह पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल सकी थी। साहिबजादा ने ही भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाए थे और अब भारतीय गेंदबाजों को उन्हें जल्द रोकना होगा।

फखर पाकिस्तान के उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें भारत के खिलाफ खेलने का अच्छा अनुभव है। फखर मध्यक्रम में पाकिस्तान की मजबूत कड़ी रहे हैं। भारत के खिलाफ पिछले मैच में फखर को जीवनदान मिला था, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सके थे और 17 रन बनाकर आउट हो गए थे। हालांकि, उन्होंने तीसरे विकेट के लिए साहिबजादा फरहान के साथ साझेदारी की थी। फखर का भारत के खिलाफ भी रिकॉर्ड अच्छा रहा है, ऐसे में भारतीय गेंदबाज अगर उन्हें जल्द पवेलियन भेजने में सफल रहे तो पाकिस्तानी टीम एक बार फिर लड़खड़ा सकती है।

# गुलवीर और अन्नू रानी का निराशाजनक प्रदर्शन, फाइनल में नहीं बना सके जगह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी गुलवीर सिंह और अन्नू रानी ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन किया जिस कारण वह अपनी-अपनी स्पर्धा के फाइनल में जगह नहीं बना सके। गुलवीर पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में और अन्नू रानी महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रहीं। गुलवीर पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ की दूसरी हीट में 13 मिनट 42.34 सेकेंड के समय से नौवें स्थान पर रहे जो इस सत्र का उनका सबसे खराब समय था और उनके राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय 12:59.77 से भी कम था। हालांकि वह मामूली अंतर से फाइनल से चूक गए क्योंकि दोनों हीट में शीर्ष आठ आठ खिलाड़ी ही पदक दौर में पहुंच पाए। वह कुल 39 प्रतिस्पर्धी खिलाड़ियों में 27वें स्थान पर रहे।




गुलवीर 14 सितंबर को 10000 मीटर दौड़ में 16वें स्थान पर रहे थे। वहीं अपनी पांचवीं विश्व चैंपियनशिप में भाग ले रही 33 वर्षीय रानी क्वालीफिकेशन दौर में ग्रुप ए में 55.18 मीटर के थ्रो से 15वें स्थान पर रहीं। वह 36 खिलाड़ियों में से 29वें स्थान पर रहीं। 2024 में औसत प्रदर्शन के बाद, रानी इस साल 62.59 मीटर के अपने सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कुछ हद तक अपनी लय वापस पा चुकी थीं। लेकिन, शुक्रवार को उन्होंने सत्र का अपना सबसे खराब प्रदर्शन भी किया। उन्होंने इससे पहले 2017, 2019, 2022 और 2023 में विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया था।

# पिता के निधन के बाद श्रीलंका टीम से जुड़े दुनिथ वेलालगे, बांग्लादेश के खिलाफ मैच में रहेंगे उपलब्ध

**श्रीलंका।** श्रीलंका के ऑलराउंडर दुनिथ वेलालगे पिता के निधन के बाद दोबारा श्रीलंका टीम से जुड़ गए हैं। श्रीलंका का शनिवार को एशिया कप के सुपर चार चरण के मैच में सामना बांग्लादेश से होना है और वेलालगे इस मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। वेलालगे के पिता सुरंगा का निधन गुरुवार को 54 वर्ष की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से हो गया था। उस वक्त ये ऑलराउंडर अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी का मुकाबला खेल रहा था।




पिता के निधन की खबर सुनकर वेलालगे स्वदेश लौट गए थे, लेकिन पुत्र की जिम्मेदारियां निभाने के बाद वह देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए दोबारा टीम से जुड़ गए हैं। वेलालगे को उनके पिता के निधन की खबर श्रीलंका के मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने दी थी। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हुआ जिसमें देखा गया कि जयसूर्या वेलालगे के पास आते हैं, उनके कंधे पर हाथ रखकर धीरे-धीरे उन्हें सांत्वना देते हैं और पिता के निधन की सूचना देते हैं। उस दौरान दुनिथ भावुक नजर आए। दुनिथ के पिता सुरंगा वेलालगे भी क्रिकेटर रहे थे। उन्होंने प्रिंस ऑफ वेल्स कॉलेज की कप्तानी की थी। हालांकि उन्हें कभी श्रीलंका की राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिला।

श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने एक बयान में कहा, 'श्रीलंका की टीम यूएई में चल रहे टूनामेंट के सुपर 4 चरण अभियान की शुरूआत शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ करेगी। वेलालगे इस मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे।' बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले के बाद श्रीलंका का सामना 23 सितंबर को पाकिस्तान से और 26 सितंबर को भारत से होगा।

बाएं हाथ के स्पिनर वेलालगे ने अफगानिस्तान के खिलाफ चार ओवर गेंदबाजी की और 49 रन देकर इब्राहिम जादरान का विकेट लिया। यह उनके करियर का पांचवां टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच था। मैच में श्रीलंका ने अफगानिस्तान को छह विकेट से हराया। विकेटकीपर-बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने 52 गेंदों पर नाबाद 74 रनों की पारी खेलते हुए टीम को जीत दिलाई। अफगानिस्तान पर जीत से श्रीलंका ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा था। श्रीलंका ने ग्रुप चरण में अपने तीनों मैच जीते।

# विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में सूरज की क्वार्टर फाइनल में हार, भविष्य के लिए उम्मीद जगाई

**नई दिल्ली।** युवा सूरज वशिष्ठ ने सीनियर विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण के साथ 60 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया लेकिन आगे नहीं जा सके जबकि अमन शुरूआती दौर से ही बाहर हो गए। ग्रीको रोमन में अन्य पहलवान एक भी स्कोरिंग मूव नहीं बना सके लेकिन अंडर 20 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और अंडर 20 एशियाई चैंपियन सूरज ने दो मुकाबले जीते। सूरज ने एंजेल टेलेज को 3-1 से हराया और मोलदोवा के विक्टर सियोबानू को 3-1 से मात दी। वह क्वार्टर फाइनल में सर्बिया के जॉर्जिज तिबिलोव से 1-4 से हार गए।



72 किलोवर्ग में अंकित गूलिया क्वालिफिकेशन मुकाबले में कोरिया के योंगहुन नोह से तकनीकी श्रेष्ठता पर हार गए। नोह के क्वार्टर फाइनल में हारने से रेपचेज की उम्मीदें भी खत्म हो गई। नितेश ने 97 किलोवर्ग में क्रोएिशया के फिलिप स्मोटको को 3-2 से हराया, लेकिन दुनिया के नंबर एक ईरान के मोहम्मदहादी सारावी से 0-4 से हार गए। अमन को 77 किलो रेपचेज में यूक्रेन के इहोर बाइचकोव ने तकनीकी श्रेष्ठता पर हराया। इस बार विश्व चैंपियनशिप में अभी तक भारत को एकमात्र पदक अंतिम पंघाल ने महिलाओं के 53 किलोवर्ग में कांस्य जीतकर दिलाया है।

# चाइना मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचे सात्विक और चिराग, शियांग-हाओनान की जोड़ी को हराया

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार पुरुष युगल खिलाड़ी सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूनामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। सात्विक-चिराग की पूर्व नंबर एक जोड़ी ने चीन के रेन शियांग यू और शिये हाओनान को 21-14, 21-14 से हराया। हाल ही में पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य जीतने वाले सात्विक-चिराग हांगकांग ओपन में उपविजेता रहे थे।




### आरोन-यिक की जोड़ी से हो सकता है सामना

विश्व में फिलहाल नौवें स्थान पर मौजूद सात्विक और चिराग सेमीफाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी दूसरी वरीयता प्राप्त मलयेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक से भिड़ सकती है। इससे पहले, भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू का विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग के खिलाफ निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और वह महिला एकल क्वार्टर फाइनल में इस कोरियाई खिलाड़ी से सीधे गेम में हार गईं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली 23 वर्षीय कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ 38 मिनट में 14-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू की आन के खिलाफ यह लगातार आठवीं हार थी। वह कोरिया की खिलाड़ी के खिलाफ अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई हैं।

# पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेलेंगे अक्षर? फील्डिंग कोच ने दी जानकारी; मैच के दौरान हुए थे चोटिल

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के फील्डिंग कोच टी दिलीप ने अक्षर पटेल की चोट पर अपडेट दिया है। अक्षर ओमान के खिलाफ एशिया कप मुकाबले के दौरान चोटिल हो गए थे। अक्षर कैच के लेने के दौरान चोटिल हो गए थे जिस कारण उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था। भारत ने अपने अंतिम ग्रुप मैच में ओमान को 21 रनों से हराकर जीत की हैट्रिक लगाई थी। अब उसका सामना सुपर चार चरण में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा।




शिवम दुबे की गेंद पर हम्माद मिर्जा ने शॉट लगाया और अक्षर कैच लेने के लिए दौड़े। अक्षर गेंद तक पहुंच भी गए थे, लेकिन वह कैच पूरा नहीं कर सके और चोटिल हो गए। मैदान पर गिरने के बाद अक्षर को कुछ दिक्कतें हुई और उन्हें तुरंत ही मैदान से बाहर जाना पड़ा। अब दिलीप ने अक्षर की चोट पर अपडेट दिया और मैच के बाद बताया कि वह अच्छी स्थिति में दिख रहे हैं।

दिलीप ने कहा, 'अभी-अभी मैंने अक्षर को देखा है, वो इस समय ठीक लग रहा है। मैं इसके बारे में यही कह सकता हूं।' अक्षर को पहली बार इस एशिया कप में बल्लेबाजी करने का मौका मिला और उन्होंने ओमान के खिलाफ 13 गेंदों पर 26 रन बनाए जिसमें तीन चौके और एक छक्के शामिल है। अक्षर ने सिर्फ एक ओवर गेंदबाजी की और चार रन दिए, जबकि उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। पाकिस्तान के खिलाफ अक्षर काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं, लेकिन यह जरूरी है कि वह जल्द से जल्द फिट हों।

भारतीय फील्डिंग कोच से पाकिस्तान के खिलाफ भारत के अगले मैच के लिए कम समय के बारे में भी पूछा गया जो एक दिन के ब्रेक के बाद 21 सितंबर को खेला जाएगा। उन्होंने मैच को लेकर बनी हाइप को ज्यादा तवज्जो नहीं दी और कहा कि टीम हर मैच को एक आम मैच की तरह ही लेती है और वे अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी के साथ फिर से भिड़ने के लिए तैयार हैं।

दिलीप ने कहा, 'पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए सभी तैयार हैं। हम हर मैच को एक जैसा मानते हैं और हमें कार्यक्रम और इसकी पूरी जानकारी है। इसलिए हर मैच एक आम मैच है और हम इसके लिए तैयार हैं।' भारत ने ग्रुप ए में अपने सभी तीनों मैच जीते और अंक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए अगले दौर के लिए क्वालिफाई किया। भारत का फाइनल में पहुंचने के लिए सुपर चार में सामना पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका से होगा।

# पाकिस्तान की फिर हुई किरकिरी! भारत के खिलाफ मुकाबले में एंडी पायक्रॉफ्ट ही होंगे मैच रेफरी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले के लिए एंडी पायक्रॉफ्ट को मैच रेफरी चुना है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की बार-बार उन्हें हटाने की मांग के बावजूद खेल की वैश्विक संस्था ने पायक्रॉफ्ट को ही यह जिम्मेदारी सौंपी है।




एंडी पायक्रॉफ्ट भारत और पाकिस्तान के मुकाबले के लिए मैच रैफरी हैं। बता दें कि, कल मैच के लिए मैच अधिकारियों की सूची अब भी सार्वजनिक नहीं की गई है। टूर्नामेंट में दूसरे मैच रैफरी वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान रिची रिचर्डसन हैं। इसके अलावा पाकिस्तान ने मैच से पहले होने वाली प्रेस कॉन्फ्रेंस भी रद्द कर दी है। टूर्नामेंट के एक सूत्र ने कहा, 'पायक्रॉफ्ट की नियुक्ति और हाथ न मिलाने के विवाद से बचने के लिए पाकिस्तान ने एक बार फिर मैच पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस रद्द कर दी है।

### कहां से शुरू हुआ विवाद?

उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में खेले गए मुकाबले के बाद सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान टीम से हाथ नहीं मिलाया था। ऐसा ही टॉस के दौरान भी हुआ था। भारतीय कप्तान ने पाकिस्तान की अगुवाई कर रहे सलमान आगा से हाथ नहीं मिलाया था। इसके बाद पाकिस्तान ने खूब ड्रामा किया और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट को यूएई के खिलाफ मैच से हटाने के लिए दो मेल किए। हालांकि, खेल की वैश्विक संस्था ने उनकी दोनों मांगे खारिज कर दीं। आईसीसी के जवाब से नाखुश पाकिस्तान ने फिर ड्रामा किया और यूएई से उनका मैच करीब एक घंटे की देरी से शुरू हुआ।

यूएई के खिलाफ मुकाबला शुरू होने के बाद पाकिस्तान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की और बताया कि पायक्रॉफ्ट ने माफी मांगी है। आईसीसी ने पीसीबी के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि पायक्रॉफ्ट ने खेल भावना का उल्लंघन किया है। आईसीसी ने कहा कि वह केवल एक संदेशवाहक थे जिन्होंने एशियाई क्रिकेट परिषद के नामित स्थल प्रबंधक से मिले संदेश को आगे बढ़ाया। पायक्रॉफ्ट केवल संदेश आगे बढ़ा सकते थे क्योंकि मैच शुरू होने में कुछ ही मिनट बचे थे। बाद में आईसीसी ने पायक्रॉफ्ट और पाकिस्तानी टीम प्रबंधन के बीच एक बैठक आयोजित की जहां रेफरी ने कहा कि उन्हें गलत सूचना के लिए खेद है।

# सुपर 4 चरण से पहले भारत ने बल्लेबाजी क्रम में किया प्रयोग

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने एशिया कप के सुपर चार चरण से पहले अपनी तैयारियों को परखा। भारत का सामना ग्रुप चरण के अंतिम मैच में ओमान से हुआ। ऐसा माना जा रहा था कि टीम आसानी से यह मुकाबला अपने नाम कर लेगी, लेकिन उसके अपेक्षाकृत कमजोर मानी जा रही ओमान के खिलाफ जीत के लिए मेहनत करनी पड़ी। भारत ने 21 रनों से जीत दर्ज की और ग्रुप चरण का अंत अजेय रहकर किया। भारत को अब अगले दौर में पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाफ खेलना है और उससे पहले टीम ने अपनी तैयारियों को परखा।

अबु धाबी में शुक्रवार को खेले गए ग्रुप चरण के आखिरी मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 188 रन बनाए। जवाब में ओमान की टीम निर्धारित ओवरों में चार विकेट पर 167 रन ही बना सकी। हालांकि, उनके लिए आमिर कलीम और हम्माद मिर्जा ने 93 रनों की साझेदारी की और भारतीय गेंदबाजों की जमकर खबर ली। लेकिन दोनों टीम को जीत नहीं दिला सके। भारत ने इस मैच में बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था। इससे पहले पिछले दो मैचों में भारत ने पहले गेंदबाजी की थी और बल्लेबाजों को मैच अभ्यास का ज्यादा मौका नहीं मिल सका था।






### बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे सूर्यकुमार यादव

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ओमान के खिलाफ बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे। अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने पारी की शुरूआत की, लेकिन गिल ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सके। गिल इस टूर्नामेंट में अब तक बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं जो भारत के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है। दिलचस्प बात यह रही कि तीसरे स्थान पर सूर्यकुमार की जगह संजू सैमसन उतरे जिन्हें पिछले दो मैच में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला था। सैमसन ने खुद को मिले इस मौके का फायदा उठाया और अर्धशतक लगाया। सैमसन ने 45 गेंदों पर 56 रनों की पारी खेली जिससे उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। अभिषेक ने अपने पुराने अंदाज में बल्लेबाजी की और आक्रामक अंदाज में खेलना जारी रखा, लेकिन एक बार फिर वह अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके और 38 रन बनाकर आउट हुए। हार्दिक दुर्भाग्यशाली रहे और रन आउट हुए, वहीं शिवम दुबे बल्लेबाजी में कुछ खास नहीं कर सके।

अक्षर पटेल ने ओमान के खिलाफ अच्छा बल्लेबाजी अभ्यास किया, जबकि तिलक वर्मा ने भी क्रीज पर समय बिताया। ओमान के खिलाफ भारत की रणनीति यह थी कि उन खिलाड़ियों को बल्लेबाजी का मौका दिया जाए जिन्हें अब तक बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला। इसी कारण सूर्यकुमार ने खुद के बजाए अन्य बल्लेबाजों को भेजा, जबकि गेंदबाजों से भी उन्होंने बल्लेबाजी कराई। सूर्यकुमार बल्लेबाजी के लिए तैयार बैठे थे और 11वें नंबर पर उतरने के लिए तैयार थे, लेकिन उन्हें बल्लेबाजी का मौका ही नहीं मिल सका। भारतीय बल्लेबाज ने स्कोरबोर्ड पर भले ही 180 रनों का आंकड़ा पार किया, लेकिन टीम वैसा प्रदर्शन नहीं कर सकी जैसी उससे उम्मीद की जा रही थी।

अंत में हालांकि, भारतीय गेंदबाजों को कुछ सफलता जरूर मिली, लेकिन गेंदबाज ओमान के बल्लेबाजों को कुछ खास परेशान नहीं कर सके। भारत के लिए हार्दिक पांड्या, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और कुलदीप यादव को सफलता मिली, लेकिन अक्षर पटेल, शिवम दुबे, तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा खाली हाथ रहे। अर्शदीप ने इस दौरान बड़ी उपलब्धि हासिल की और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 विकेट पूरे करने वाले पहले भारतीय बने। ओमान के खिलाफ मैच से भारत की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमियां उजागर हुई। भारत को अगर खिताब का बचाव करना है तो सुपर चार चरण में ही इन खामियों को दूर करना होगा।

### भारत के आठ खिलाड़ियों ने की गेंदबाजी

भारत ने ओमान के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा था, लेकिन विपक्षी टीम ने उम्मीद से ज्यादा अच्छी बल्लेबाजी की और भारतीय गेंदबाजों को निशाने पर लिया। भारत ने इस मैच के लिए दो बदलाव किए थे और जसप्रीत बुमराह तथा स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को आराम दिया था और उनकी जगह अर्शदीप सिंह तथा हर्षित राणा को प्लेइंग-11 में मौका दिया था। बुमराह टीम के अहम गेंदबाज हैं और उनकी अनुपस्थिति में गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आया। हार्दिक, अर्शदीप और हर्षित की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने मोर्चा संभाला, लेकिन आमिर कलीम और हम्माद मिर्जा ने इनका सामना बखूबी किया। पिछले दो मैचों में जहां स्पिनरों का बोलबाला दिखा था, वहीं इस मैच में गेंदबाजी इकाई ज्यादा मजबूत नहीं दिखी।




## एक बार होटलों की जांच कराएं साहब

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नक्षत्र हं कि बदलने का नाम नहीं ले रहे हैं। बीते दो दिनों से लगातार जीरो टॉलरेंस की नीति प्रदर्शित की जा रही है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में बाबा की एंट्री होने के बाद से लगातार एक्शन पर एक्शन हो रहे हैं। तो सवाल पुलिस कमिश्नरेट की व्यवस्था और पुलिस की वर्किंग पर उठाना शुरू हो गया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि मामला चाहे देहात का हो या सिटी से लेकर नदिया पार तक। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक समय होटल पर कार्रवाई और उनकी व्यवस्था सुधारने का अभियान चलाया गया था। इस अभियान में तमाम होटल चिन्हित किए गए, जहां ताले लटकाए गए। तो तमाम ऐसे भी थे, जो बिना एनओसी के चल रहे थे। उनपर भी कार्रवाई हुई लेकिन कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि कुछ इलाकों में लोकल वाली पुलिस मिलकर खेल को दोबारा शुरू कर चुकी है। जिस तरीके से साहब द्वारा एक के बाद एक सेल बनाई जा रही है। तो एक दिन होटल जांच अभियान विद डीसीपी और एसीपी होना चाहिए ताकि नीचे वाले खेल ना कर पाए और ऊपर वाले इस मेल को रोकथाम कर पाएं। सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों सिटी के एक इलाके का मामला ऐसा हाईलाइट हुआ था की चौकी वाले थाने से अटैच किए गए। तो चौकी पर नए फेस भी भेजे गए, यह कहानी केवल एक मोहल्ले या एक जोन की नहीं है। उधर कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि यह आलम तो कमिश्नरेट के हर थानाक्षेत्र और चौकी वाले इलाके का है। बस कहीं का रेट ज्यादा है, तो कहीं का वेट रेट पर भारी पड़ रहा है। कुल मिलाकर वैसे तो खुफिया वाले समय-समय पर कागज में लाल और काला निशान बन कर भेजते रहते हैं लेकिन उनकी इस शिकायत पर एक्शन कब होगा, जब मामला अधिकारियों के संज्ञान में होगा वरना कुछ हल निकालने वाला नहीं है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सवाल और आवाज उठ रही है कि एक बार होटल की साहब को जांच करानी चाहिए। साथ ही एक सेल से यह भी पूछ लिया जाए की कौन किसके इलाके का काम संभाल रहा है। कुल मिलाकर देखना यह होगा कि बाबा के जाने के बाद जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अधिकारियों के तेवर हाई चल रहे हैं, वह आगे कितने दिन इसी मूड के साथ मोड पर बने रहते हैं।




## रोटरी गाजियाबाद स्मार्ट सिटी ने गौ सेवा प्रोजेक्ट के साथ जयपुर टूर को बनाया यादगार







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी ने अपने सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देते हुए जयपुर के पास एक गौशाला में गौ माता सेवा प्रोजेक्ट का सफल आयोजन किया। क्लब के सदस्यों ने इस नेक पहल के तहत गौशाला में गायों को चारा, गुड़ और अन्य पोषक तत्व खिलाए, और उनकी देखभाल के लिए उदारतापूर्वक दान भी दिया।

यह कार्यक्रम 18 से 20 सितंबर, 2025 तक आयोजित किए गए क्लब के विशेष क्लब टूर का एक हिस्सा था। जयपुर के चोमू पैलेस में आयोजित इस टूर का उद्देश्य सदस्यों को सामाजिक कार्यों से जोड़ना और एक साथ यादगार पल बिताना था। टूर के दौरान सदस्यों ने आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभवों का भी आनंद लिया, जिसमें श्रीखाटू श्यामजी के दर्शन, राजस्थानी लोक नृत्य कालबेलिया, पारंपरिक राजस्थानी व्यंजनों का स्वाद और विभिन्न खेलों में भागीदारी शामिल थी।

क्लब की प्रेसीडेंट भारती गर्ग ने इस पूरे कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ. सुभाष जैन, बबीता जैन, योगेश कुमार गोयल, आशु गोयल, रमा गुप्ता, विपिन गुप्ता, प्रवीन गोयल, और आशीष गर्ग जैसे सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

यह आयोजन न केवल गायों के कल्याण के प्रति रोटरी क्लब की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, बल्कि सदस्यों के बीच भाईचारे और सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान को भी मजबूत करता है।

## ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसायटी का बेसमेंट बना कूड़ाघर, बीमारी का बढ़ा खतरा

**ग्रेटर नोएडा करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण भले ही स्वच्छता को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रहे हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। आम्रपाली गोल्फ होम्स एंड किंग्सवुड सोसायटी में बेसमेंट को कूड़ाघर बना दिया गया है, जिससे न केवल बदबू और गंदगी फैल रही है, बल्कि मच्छरों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। इससे निवासियों को बीमारी का खतरा सता रहा है।

निवासियों का कहना है कि सोसायटी के बेसमेंट एरिया में नियमित रूप से कूड़ा डंप किया जा रहा है। पूरा इलाका गंदगी से बजबजा रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद ग्रेटर नोएडा



प्राधिकरण और मेंटेनेंस एजेंसी ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।

बेसमेंट में जमा कूड़े के ढेर से पानी रिस रहा है, जिसमें मच्छर पनप रहे है। सोसायटी में रहने वाले लोगों में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बारिश के मौसम में यह स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। इन दिनों स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू को लेकर अलर्ट जारी किया हुआ है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कार्यकर्ता के लिए कंधे पर हाथ क्या होता है ये वही पल है। जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष पंकज भारद्वाज के कंधे पर हाथ रखकर उनका हाल पूछा। यही देवतुल्य संस्कृति है और यही कार्यकर्ता का सम्मान है। पंकज भारद्वाज इस आत्मीय सम्मान से और इस अपनेपन से बेहद अभिभूत हैं। यही देवतुल्य का भाव है।

## नेहरू वर्ल्ड स्कूल में 'अतुल्य भारत' थीम पर हुआ 'अर्ली इयरर्स' का वार्षिकोत्सव





**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** नेहरू वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को 'अर्ली इयरर्स' का वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की मुख्य थीम 'अतुल्य भारत' थी, जिसमें 303 बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम दो पारियों में आयोजित हुआ और इसमें डॉ. वैभव जोशी और डॉ. अमिता गोविल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

### कार्यक्रम की प्रमुख झलकियाँ:

उद्देश्य: स्कूल की एग्जीक्यूटिव हेड सुजैन होम्स ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास और सहयोग की भावना बढ़ाते हैं।

**प्रयास का सम्मान:** 'अर्ली इयरर्स' की प्रधानाचार्या पारुल सिंधवानी ने बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

**वार्षिक रिपोर्ट:** कक्षा 5 के छात्रों ने 2024-25 के दौरान स्कूल की शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक उपलब्धियों को एक रिपोर्ट के माध्यम से प्रस्तुत किया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ:** बच्चों ने भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति को नृत्य के माध्यम से जीवंत किया। इसमें राजस्थान की धुनें, गुजरात का गरबा, और पंजाब का भांगड़ा व गिद्दा शामिल थे। उनके पारंपरिक परिधानों और ऊर्जा भरे प्रदर्शन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह के अंत में, स्कूल के डायरेक्टर डॉ. अरुणाभ सिंह ने बच्चों के आत्मविश्वास की प्रशंसा करते हुए सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अभिभावकों का स्कूल पर विश्वास उन्हें और बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है।

## डिजाइन बदला, अब 4 नहीं 6 लेन की बनेगी ग्रेटर नोएडा से एनएच-9 तक की एलिवेटेड रोड



**ग्रेटर नोएडा करंट क्राइम।** ग्रेनो वेस्ट से शाहवेरी होते हुए एनएच-9 तक प्रस्तावित एलिवेटेड रोड अब 4 के बजाय 6 लेन की बनेगी। ट्रैफिक के दबाव और भविष्य में एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और नैशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ठऌअक) ने यह फैसला लिया है। इसको लेकर बुधवार को प्राधिकरण के सीईओ और एनएचएआई के चेयरमैन के बीच बैठक हुई, जिसमें जल्द काम शुरू करने पर सहमति बनी।

एक मूर्ति चौक से शुरू होने वाली एलिवेटेड रोड पहले 4 लेन की बननी थी। तब अनुमानित लागत 250 से 300 करोड़ रुपये आंकी गई थी। लंबाई 2.5 किमी तय हुई थी। बाद में लंबाई 4 किमी करने और लागत लगभग 400 करोड़ रुपये तय हुई। अब इसमे संशोधन कर 6 लेन की एलिवेटेड रोड बनाने का निर्णय लिया गया है।

प्राधिकरण का मानना है कि भविष्य की जरूरतों के हिसाब से 4 लेन रोड पर्याप्त नहीं होगी। यह रोड एकमूर्ति चौक से शुरू होकर शाहवेरी और क्रॉसिंग रिपब्लिक से गुजरेगी और एनएच-९ व दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से जुड़ेगी।

### एनएचएआई करेगी बाकी जमीन का अधिग्रहण

ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी ने बताया कि एलिवेटेड रोड की डिटेल प्रॉजेक्ट रिपोर्ट तैयार है और अब इसमें 6 लेन का डिजाइन शामिल किया जाएगा। जहां-जहां अधिग्रहण बाकी है, वहां एनएचएआई भूमि अधिग्रहण करेगी।

### 4 प्राधिकरण देंगे बजट

बोर्ड के प्रस्ताव के अनुसार, एलिवेटेड रोड की लागत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नोएडा प्राधिकरण और यमुना प्राधिकरण साझा करेंगे। हालांकि, लागत मे भागीदारी पर अभी संशय है।

## उड़ान को तैयार नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, 675 करोड़ की ई-बस सेवा कागजों में उलझी

नोएडा करंट क्राइम। देश के सबसे महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचे में शामिल नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन 30 अक्टूबर को प्रस्तावित है, लेकिन एयरपोर्ट तक सुगम यातायात सुविधा की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी ई-बस सेवा अब भी कागजों में उलझी हुई है। बेहतर कनेक्टिविटी नहीं होने की वजह से यात्रियों का सीधे एयरपोर्ट



पहुंचना मुश्किल होगा। जिले में सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 500 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की योजना तैयार की गई थी जिसमें नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्रों को शामिल किया गया है। योजना के मुताबिक नोएडा में 300, ग्रेटर नोएडा व यीडा क्षेत्र में 100-100 बसें चलाई जानी है। इसके लिए 25 रूट प्रस्तावित किए गए है। कंपनी का गठन अधर में लटका अभी तक बस संचालन के लिए आवश्यक जरूरतें जैसे बस स्टैंड, ई-चार्जिंग स्टेशन और वर्कशॉप आदि पूरी तरह विकसित नहीं हो पाई है। इतना ही नहीं तीनों प्राधिकरणों की सहमति के बावजूद बसों के संचालन के लिए गठित की जाने वाली संयुक्त कंपनी ग्रीन ट्रांसपोर्ट लिमिटेड का औपचारिक गठन भी अधर में लटका हुआ है।

### करीब 675 करोड़ की लागत

इस योजना की लागत लगभग 675 करोड़ रुपये आंकी गई है इसे प्लान करके लागू करने पर विचार किया जा रहा है। शासन स्तर पर दो निजी कंपनियों ट्रैवल टाइम मोबिलिटी इंडिया प्रा। लि। और डेलबस मोबिलिटी का चयन कर लिया गया है, जो बस संचालन की जिम्मेदारी संभालेंगी।

## कंपनी परिसर में युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**ग्रेटर नोएडा करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा के इकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र स्थित एक कंपनी में शनिवार सुबह को एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान दीपक सदा निवासी थाना भरवरिया समस्तीपुर बिहार के रूप में हुई है। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार का कहना है कि सुबह करीब छह बजे सूचना मिली थी कि हबीवपुर में स्थित एक निजी कंपनी के परिसर में पेड़ से फंदा लगाकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल का मुआयना कराया। मृतक के शव को देखकर प्रथम द्दष्टया ऐसा प्रतीत हुआ कि उसने आत्महत्या की है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी गई और उनके सहयोग से शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता चलेगा। मामले की जांच जारी है। जांच में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आत्महत्या का कारण क्या था। युवक कंपनी परिसर में बने अन्य कर्मियों के साथ रहता था। जिस कंपनी में युवक ने आत्महत्या की है। वहां फूड प्रोडक्ट बनते हैं। युवक करीब नौ दिन पहले ही बिहार से काम के लिए आया था। मामले में मृतक के भाई को सूचित कर दिया गया है। अबतक कोई शिकायत नहीं मिली है।

## सेवा पखवाड़ा को समर्पित किया युवा नेता नितिन मावी ने अपना जन्मदिवस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी से भाजपा युवा नेता नितिन मावी अपने व्यवहार से विशेष पहचान रखते हैं। सामाजिक रूप से भी उनकी उपस्थिति मजबूत बताई जाती है। साथ ही पार्टी द्वारा दिए गए आयामों में भी उनकी सक्रिय भूमिका नजर आती है। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। 20 सितंबर को भी लोनी विधानसभा क्षेत्र में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी दिन युवा नेता नितिन मावी का भी जन्मदिन आता है। नितिन मावी ने अपने जन्मदिवस पर कोई व्यक्तिगत कार्यक्रम आयोजित करने के बजाय अपना विशेष दिन पार्टी के कार्यक्रमों को समर्पित किया। उन्होंने जन्मदिन से ज्यादा पार्टी के आयामों को महत्व दिया। लेकिन उनके शुभचिंतकों को जन्मदिन की जानकारी थी इसलिए कार्यक्रमों के समापन के बाद नितिन मावी को विशेष रूप से जन्मदिवस की बधाई देने का कार्यक्रम आयोजित हुआ। विधायक नंदकिशोर गुर्जर से लेकर जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह सहित पार्टी के तमाम लोगों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। नितिन मावी ने सभी का इस अवसर पर आभार प्रकट किया।

# रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला, नौ शहरों में मची तबाही

## तीन की मौत, 20 से ज्यादा लोग घायल

**कीव ।** रूस के साथ तीन साल से ज्यादा समय से चल रहे संघर्ष में यूक्रेन की स्थिति दिन-प्रतिदिन और भयावह होती जा रही है। कई देशों के प्रयास के बावजूद इस संघर्ष के खत्म होने को लेकर दूर-दूर तक कोई रास्ता भी नजर नहीं आ रहा है। इसी बीच शनिवार तड़के रूस ने यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों पर एक बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, इस हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं।

मामले में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि हमला यूक्रेन के नौ अलग-अलग स्थानों पर हुआ है, जिसमें डि्नप्रोपेट्रोव्स्क, मायकोलाइव, चेर्निहिव, जापोरिज्जिया, पोल्टावा, कीव, ओडेसा, सुमी और खारकीव शामिल है।





नागरिक इलाकों को बनाया गया निशाना यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने आगे बताया कि ये हमला नागरिक इलाके को बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस हमले के पीछे रूस का मकसद केवल सैन्य ठिकाने नहीं, बल्कि नागरिक क्षेत्रों, रिहायशी इलाकों और इंफ्रास्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाना था। डि्नप्रो शहर में एक बहुमंजिला इमारत पर क्लस्टर बम से हमला किया गया, जिससे भारी नुकसान हुआ।


डि्नप्रो में दर्जनों लोग घायल डि्नप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र के गवर्नर सेरही लाइसाक ने बताया कि हमले में कम से कम 26 लोग घायल हुए हैं। कई ऊंची इमारतों और घरों को नुकसान पहुंचा है। इसके साथ ही कीव क्षेत्र के बुचा, बोरिस्पिल और ओबुखिव में भी हमले हुए, जिसमें कई घरों और गाड़ियों को नुकसान पहुंचा। पश्चिमी ल्वीव क्षेत्र में दो क्रूज मिसाइलों को मार गिराया गया। यूक्रेनी एयर फोर्स के मुताबिक, रूस ने कुल 619 मिसाइलें और ड्रोन लॉन्च किए, जिनमें 579 ड्रोन, आठ बैलिस्टिक और 32 क्रूज मिसाइलें शामिल थीं।

# अमेरिकी सीनेटर ने ट्रंप से चीन पर की प्रतिबंध की मांग
## कार्रवाई के लिए भारत पर टैरिफ का दिया हवाला

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से चीन पर कड़े प्रतिबंध और टैरिफ लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि चीन सस्ते रूसी तेल की खरीद से पुतिन की युद्ध मशीन को मदद कर रहा है। यह अपील यूरोपीय संघ द्वारा चीनी ऊर्जा कंपनियों पर पाबंदी लगाने के बाद आई।

अमेरिकी राजनीति में चीन को लेकर एक बार फिर सख्त रुख देखने को मिला है। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अपील की कि वे चीन पर तत्काल कड़े प्रतिबंध और टैरिफ लगाएं। ग्राहम ने कहा कि चीन सस्ते रूसी तेल की खरीद कर सीधे-सीधे पुतिन की युद्ध मशीन को ईंधन दे रहा है। उनका यह बयान उस वक्त आया जब यूरोपीय संघ ने रूस से कारोबार करने वाली चीनी ऊर्जा कंपनियों पर नई पाबंदियां लगाई हैं।

ग्राहम ने ईयू के 19वें प्रतिबंध पैकेज का समर्थन किया और कहा कि अब अमेरिका को भी इसी राह पर



चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने हाल ही में यूरोप से चीन पर 50 से 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने का निर्देश दिया था और ईयू का नया फैसला उसी दिशा में बड़ा कदम है। ग्राहम ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा कि यह सही दिशा में अहम कदम है। अब अमेरिका की बारी है कि वह चीन पर टैरिफ और प्रतिबंध लगाए।

भारत पर लगे टैरिफ का उदाहरण दिया ग्राहम ने आगे कहा कि ट्रंप का भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाना लाभकारी साबित होगा। उन्होंने लिखा कि जब भारत पर यह नीति लागू हो सकती है तो अब समय आ गया है कि चीन और रूस पर भी इसी तरह के टैरिफ और प्रतिबंध लगाए जाएं। ग्राहम के इस बयान को लेकर अमेरिकी राजनीति में नई बहस छिड़ गई है क्योंकि ट्रंप की नीतियां पहले से ही वैश्विक व्यापार पर बड़ा असर डाल रही हैं।

### टिकटॉक पर ट्रंप-शी जिनपिंग की डील

इसी बीच शुक्रवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने घोषणा की कि उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ फोन पर बातचीत की है और टिकटॉक के संचालन को लेकर समझौता हो गया है। ट्रंप ने कहा कि टिकटॉक का सौदा जल्द ही पूरा होगा और निवेशक इसके लिए तैयार हैं। हालांकि इस डील के ब्योरे अभी सामने नहीं आए हैं। ट्रंप ने कहा कि शी जिनपिंग ने टिकटॉक डील को मंजूरी दे दी है और जल्द ही इस पर हस्ताक्षर होंगे।

# बीएलए और मजीद ब्रिगेड को आतंकवादी संगठन
## घोषित करने की मांग पर चीन व पाकिस्तान को झटका

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसकी आत्मघाती यूनिट मजीद ब्रिगेड पर प्रतिबंध के प्रस्ताव पर रोक लगा दी है। इस प्रस्ताव को पाकिस्तान और चीन ने मिलकर सुरक्षा परिषद की बैठक में रखा था। दोनों देशों ने बीएलए को प्रतिबंधित संगठन घोषित करने की मांग की थी। अब इस प्रस्ताव पर अमेरिकी वीटो लगने से पाकिस्तान और चीन की कोशिशें बेकार साबित हुईं, क्योंकि दोनों ही संगठनों पर पाबंदी नहीं लगाई जा सकेगी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में पाकिस्तान ने दावा किया था कि बीएलए, मजीद ब्रिगेड, अल-कायदा और तहरीक-ए-तालिबान



पाकिस्तान (टीटीपी) जैसे आतंकी संगठन अफगानिस्तान की जमीन से काम कर रहे हैं और सीमा पार हमले कर रहे हैं। उसने यह आरोप भी लगाया कि अफगानिस्तान से फैल रहा आतंकवाद पाकिस्तान की सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौती है। दरअसल, बीएलए और मजीद ब्रिगेड पाकिस्तान में चीन द्वारा चलाई जा रही परियोजनाओं का विरोध कर रहे हैं। उसका कहना है कि ग्वादर और बलूचिस्तान क्षेत्र पर प्रांतीय संसाधनों का दुरुपयोग किया जा रहा है। यहां के लोगों को उनके हिस्से का रोजगार या अन्य सुविधाएं तक मुहैया नहीं हो पाती हैं। पाकिस्तान वर्तमान में सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में पाकिस्तान के विशेष प्रतिनिधि अहमद ने कहा था कि पाकिस्तान और चीन ने संयुक्त रूप से 1267 प्रतिबंध समिति को बीएलए और मजीद ब्रिगेड को प्रतिबंधित करने का अनुरोध किया है।

हमें उम्मीद है कि परिषद उनकी आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रस्ताव पर जल्द कार्रवाई करेगी।

# अंतरिक्ष-समुद्री क्षेत्र में भारत-यूएई के बीच अहम समझौते
## की नींव तैयार, गोयल के दौरे में बनी सहमति

**अबू धाबी ।** पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच पारस्परिक सुरक्षा समझौता के कारण बढ़ी नजदीकी के कारण भारत की निगाहें अब पश्चिम एशिया में अपनी पुरानी स्थिति मजबूत करने पर है। इस कड़ी में भारत की निगाहें क्षेत्र की एक और ताकत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर है। भारत जल्द यूएई के साथ अंतरिक्ष और समुद्री क्षेत्र में कई अहम समझौते करने जा रहा है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के दो दिवसीय यूएई दौरे पर समझौते की जमीन तैयार कर ली गई है। इसे पाक-अरब समझौते के जवाब के रूप में देखा जा रहा है।

भारत यूएई उच्चस्तरीय निवेश कार्यदल की 13वीं बैठक में शिरकत



करने पहुंचे गोयल ने वहां अबूधाबी इंडिया बिजनेस फोरम में भी हिस्सा लिया। इस दौरान दोनों देशों के बीच अगले तीन वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 200 अरब डॉलर तक पहुंचाने पर सहमति बनी है। ऊर्जा, तकनीक समेत कई अन्य क्षेत्रों में अहम समझौते के बाद दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष और समुद्री क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने पर व्यापक बातचीत हुई है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्दी ही दोनों देश इन क्षेत्रों में कई अहम समझौते पर सहमत होंगे।

भारत के लिए यूएई अहम क्यों? यूएई में 42 लाख भारतीय हैं। यूएई पश्चिम एशिया में सऊदी अरब की तरह अहम ताकत है। दोनों देशों के बीच तेल के इतर दूसरे व्यापार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। खासतौर पर ऊर्जा और तकनीक के क्षेत्र में दोनों देशों के रिश्ते मजबूत हुए हैं। अंतरिक्ष को लेकर सौ से अधिक परियोजनाओं पर काम कर रहे यूएई को इस क्षेत्र में भारत की मदद की जरूरत है। दूसरी ओर भारत को अरब के सबसे बड़े बंदरगाह जबल अली पोर्ट की जरूरत है।

# कोविड के टीके लगवाने को लेकर अमेरिका में विवाद
## स्वास्थ्य मंत्री के सलाहकारों ने पैदा की भ्रम की स्थिति

**अटलांटा ।** अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट एफ. केनेडी जूनियर के नए टीका सलाहकारों ने इस बार कोविड-19 टीकाकरण को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा कर दी। उन्होंने किसी के लिए भी टीके की सिफारिश नहीं की और इसे लोगों की अपनी इच्छा पर छोड़ दिया कि वे टीका लगवाना चाहते हैं या नहीं।

अब तक ये टीके लगभग सभी अमेरिकियों को नियमित रूप से उपलब्ध कराए जाते थे, जो इसे लगवाना चाहते थे। हाल ही में अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने इस साल फाइजर, मॉडर्ना और नोवावैक्स टीके पर नई सीमाएं लगा दीं और इन्हें केवल 65 साल से ऊपर के लोगों या ऐसे युवाओं के लिए सुरक्षित रखा, जिन्हें वायरस से ज्यादा खतरा है। रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के






सलाहकारों ने कई बार मतदान के बाद यह फैसला लिया कि वे सीधे तौर पर टीकाकरण की सिफारिश नहीं करेंगे, बल्कि लोगों को खुद फैसला लेने देंगे। सलाहकारों के इस पैनल ने यह भी सुझाव दिया कि सीडीसी को टीके से जुड़े संभावित जोखिमों के बारे में स्पष्ट भाषा में जानकारी देनी चाहिए। इस पर बाहरी चिकित्सा समूहों ने विरोध जताया। उनका कहना था कि टीके की सुरक्षा का रिकॉर्ड अब तक अच्छा रहा है।

पैनल ने इस बात को टाल दिया कि कोविड का टीका लेने के लिए लोगों को डॉक्टर की पर्ची (प्रिस्क्रिप्शन) जरूरी होगी या नहीं। अमेरिकी बाल चिकित्सा अकादमी के डॉक्टर सीन ओ'लोरी ने कहा कि यह फैसला बहुत ज्यादा अस्पष्ट है और अमेरिका के बच्चों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस सुझाव में टीके पर अविश्वास फैलाने की कोशिश साफ नजर आ रही है। उन्होंने कहा, यह बहुत अजीबोगरीब बैठक थी। मौत से बचाने में मजबूत सुरक्षा प्रदान करते हैं टीके कोविड-19 के टीके भले ही सौ फीसदी सही नहीं हैं।

# सीनेट में रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स
## आमने-सामने, बजट प्रस्ताव खारिज

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी सीनेट ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को संघीय एजेंसियों को कुछ हफ्तों के लिए वित्त पोषित करने वाले प्रतिस्पर्धी विधेयकों को खारिज कर दिया। नया बजट वर्ष एक अक्तूबर से शुरू हो रहा है और अब आंशिक सरकारी शटडाउन की आशंका और बढ़ गई है। दोनों दलों के नेता एक-दूसरे पर गतिरोध का दोष मढ़ रहे हैं।

डेमोक्रेट्स ने रिपब्लिकन पर आरोप लगाया कि वे उनकी स्वास्थ्य देखभाल से जुड़ी प्राथमिकताओं पर बातचीत नहीं कर रहे, जबकि उन्हें पता है कि सीनेट में बिल पास करने के लिए डेमोक्रेटिक वोटों की भी जरूरत होगी। वहीं, रिपब्लिकन का कहना है कि डेमोक्रेट्स की मांगें खर्च को बहुत बढ़ा देंगी और ये मांगें एजेंसियों को थोड़े समय के लिए पूरी तरह से चालू रखने के मूल मुद्दे से



संबंधित नहीं हैं, जबकि पूरे वर्ष के खर्च संबंधी उपाय पर बातचीत जारी है। डेमोक्रेट का प्रस्ताव रिपब्लिकन के बिल्कुल उलटः जॉन थून सीनेट के रिपब्लिकन नेता जॉन थून ने कहा, 'रिपब्लिकन का प्रस्ताव एक साफ-सुथरा, गैरपक्षपाती अस्थायी बिल है, ताकि हमें पूरे बजट पर काम करने का समय मिल सके। लेकिन डेमोक्रेट्स का प्रस्ताव इसके बिल्कुल उलट है, यह एक 'गंदा सीआर' है, जिसमें पक्षपातपूर्ण नीतियां और वामपंथी एजेंडा जोड़ा गया है।' वहीं, डेमोक्रेटिक प्रस्ताव में स्वास्थ्य बीमा पर मिलने वाली अतिरिक्त सब्सिडी को बढ़ाने और पहले किए गए मेडिकेड कटौती को वापस लेने का प्रावधान था।

# लीबिया के तट पर प्रवासियों से भरी नाव
## डूबी, कम से कम 19 लोगों की मौत

**काहिरा ।** लीबिया के पूर्वी तट पर रबर से बनी एक प्रवासी नाव डूब गई। हादसे में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 42 लोग लापता बताए जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (क्डट) ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को नाव डूबने के बारे में जानकारी दी।

यह नाव 9 सितंबर को कंबाउट शहर के पास समुद्र तट से रवाना हुई थी और उसी दिन डूब गई थी। इसमें 70 से अधिक सूडान और दक्षिण सूडान के नागरिक सवार थे। क्डट के प्रवक्ता ने बताया कि 14 लोगों को पांच दिन बाद बचाया गया, जबकि 42 लोग अब भी लापता हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि बचे हुए लोग इतने दिनों तक समुद्र में कैसे जीवित रहे।



प्रवासियों के लिए यूरोप पहुंचने का मुख्य रास्ता है लीबिया लीबिया लंबे समय से अफ्रीका और मध्य पूर्व से युद्ध और गरीबी से भाग रहे प्रवासियों के लिए यूरोप पहुंचने का मुख्य रास्ता रहा है। लीबिया रेड क्रिसेंट ने सोमवार (स्थानीय समयानुसार) को अपने फेसबुक पेज पर बताया कि उसे तोब्रुक प्रशासन से एक आपातकालीन कॉल मिला था, जिसमें कंबाउट समुद्र तट से शव बरामद करने की बात कही गई थी। रेड क्रीसेंट ने कई शव बरामद किए, लेकिन यह नहीं बताया कि वे वही 19 शव थे, जो क्डट की रिपोर्ट में उल्लिखित थे या अलग।

जुवारा के अधिकारियों ने कहा- उन्होंने 35 प्रवासियों को बचाया एक अलग घटना में, पश्चिमी लीबिया के तटीय शहर जुवारा के अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने पांच महिलाओं और एक बच्चे समेत 35 प्रवासियों को बचाया।

# यूरोप के कई हवाई अड्डों पर बड़ा साइबर हमला
## चेक-इन सिस्टम ठप, उड़ानों में देरी से यात्री परेशान

**लंदन ।** यूरोप के कई बड़े हवाई अड्डों पर चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम को निशाना बनाते हुए साइबर हमले किए गए। इन हमलों के कारण शनिवार को सैकड़ों उड़ानों में देरी हुई, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। इस तकनीकी समस्या के चलते यूरोप के प्रमुख हवाई अड्डों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई। कई हवाई अड्डों पर मैनुअल प्रक्रिया अपनाकर ही उड़ानों का संचालन जारी रखा गया।

ब्रुसेल्स एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार रात को उनके चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम के सेवा प्रदाता पर साइबर हमला हुआ। जिससे तकनीकी व्यवस्था बाधित हो गई। इस वजह से एयरपोर्ट पर मैनुअल चेक-इन और बोर्डिंग प्रक्रिया कराई गई।




**यूरोप के कई बड़े हवाई अड्डों पर चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम को निशाना बनाते हुए साइबर हमले किए गए। इन हमलों के कारण शनिवार को सैकड़ों उड़ानों में देरी हुई, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा**

इसके चलते उड़ानों के समय में गड़बड़ी और देरी हुई। एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्रियों से धैर्य रखने और उड़ानों की स्थिति की निरंतर जांच करने की अपील की है।

बर्लिन और हीथ्रो एयरपोर्ट भी प्रभावित जर्मनी के ब्रांडेनबर्ग एयरपोर्ट ने भी पुष्टि की है कि उनके सेवा प्रदाता के सिस्टम पर साइबर हमला हुआ है। इसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर हवाई अड्डा प्रशासन ने अपने नेटवर्क कनेक्शन को अस्थायी रूप से काट दिया। वहीं लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे ने भी तकनीकी समस्या की बात कही है। हीथ्रो एयरपोर्ट के अनुसार, कॉलीन्स एयरोस्पेस कंपनी जो कई एयरलाइनों को चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम मुहैया कराती है। तकनीकी दिक्कतों का सामना कर रही है। इसके कारण उड़ानों में देरी हो रही है।

### यात्रियों को सावधानी बरतने की सलाह

सभी हवाई अड्डों ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे अपनी उड़ानों का स्टेटस समय-समय पर ऑनलाइन जांचते रहें और आवश्यकतानुसार फ्लाइट के समय को ध्यान में रखकर यात्रा की योजना बनाएं। साथ ही हवाई अड्डा प्रबंधन ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद जताया है।

# तुलसी निकेतन योजना के पुर्नविकास के लिए प्राधिकरण आवंटियों से लेगा सहमति पत्र

## 503 बंद भवनों की होगी पहचान, नहीं होगा कोई आवासहीन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** तुलसी निकेतन योजना के भवनों के पुनर्विकास (री-डेवलपमेंट) को लेकर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स ने एक समीक्षा बैठक की। बैठक में योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

उपाध्यक्ष ने निर्देश दिया कि दो दिनों के भीतर स्थल पर एक स्थाई कार्यालय स्थापित कर सर्वेक्षण के लिए स्टाफ की तैनाती की जाए। बताया गया कि अब तक की गई जांच में 503 भवनों पर ताले लगे पाए गए हैं, जिनके स्वामित्व और आवंटन की जानकारी जुटाई जा रही है।

### बंद भवनों की होगी सार्वजनिक सूचना

प्राधिकरण ने निर्णय लिया है कि इन 503 बंद भवनों की सूची समाचार



### भवनों की दुर्दशा और पुनर्विकास की योजना

प्राधिकरण ने बताया कि योजना के अंतर्गत 288 एलआईजी, 2004 ईडब्ल्यूएस भवन और 64 दुकानें जर्जर अवस्था में हैं। इन भवनों के जीर्णोद्धार के लिए री-डेवलपमेंट योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसके तहत अधिक से अधिक आवासीय और व्यावसायिक भवनों का निर्माण किया जाएगा, ताकि किसी भी परिवार को बेघर न होना पड़े।

पत्रों, प्राधिकरण की वेबसाइट और सोशल मीडिया पर प्रकाशित की जाएगी। साथ ही, इन भवनों पर नोटिस चस्पा किए जाएंगे और उनकी फोटोग्राफी कर दस्तावेजों में सुरक्षित रखी जाएगी। यदि इन भवनों के स्वामी प्राधिकरण के समक्ष दस्तावेजों सहित अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करते हैं, तो उनका स्वामित्व दावा अमान्य माना जाएगा।

बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि मूल आवंटियों, पावर ऑफ अटॉर्नी धारकों और रजिस्ट्रीधारकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा की जाएगी। इसके लिए कानूनी सलाहकार और सनदी लेखाकारों से प्रमाणित एक स्पष्ट प्रारूप तैयार किया जाएगा।

पुनर्विकास प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए सभी आवंटियों से सहमति पत्र लिए जाएंगे। इसके लिए एक प्रारूप तैयार कर प्राधिकरण के अधिवक्ता और सनदी लेखाकार से प्रमाणित कराया जाएगा।

परियोजना के आरंभ से समापन तक की कंसल्टेंसी सेवाओं और पुनर्विकास के दौरान उत्पन्न अतिरिक्त बिल्टअप क्षेत्र/संपत्तियों के प्रबंधन के लिए एनबीसीसी इंडिया के साथ समझौता (एमओयू) करने का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है।

168वीं बोर्ड बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार लखनऊ विकास प्राधिकरण के पुनर्विकास मॉडल का अध्ययन कर तुलसी निकेतन योजना के लिए एक उपयुक्त उदाहरण तैयार किया जाएगा।

# महीनों से खोद कर छोड़ दी सड़क, कैसे जाएं हिंडन एयरपोर्ट, गाजियाबाद में लोग हो रहे परेशान

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** हिंडन एयरपोर्ट के पैसेंजर्स नगर निगम की लेट लतीफी का खामियाजा भुगत रहे है। सिंकदरपुर गांव की तरफ से आने को भोपुरा रोड क्रॉस करके सड़क की दूसरी तरफ विक्रम एन्क्लेव में जोड़ा जाना है। यह काम इतने धीमी गति से चल रहा है कि इसका असर यहां के ट्रैफिक पर हो रहा है। जिसके कारण हिंडन एयरपोर्ट आने जाने वाले पैसेंजर्स भी परेशान हैं।

सुबह और शाम के समय जिनकी फ्लाइट होती है उन्हें भोपुरा रोड के यू टर्न से एयरपोर्ट जाने वाली रोड पर आने में ही पंद्रह से बीस मिनट का समय बिताना पड़ रहा है। इसको लेकर हिंडन एयरपोर्ट अथॉरिटी ने भी चिंता जताई है है और नगर निगम को पत्र लिखा है।

वहीं हमेशा की तरह नगर निगम के अधिकारियों का यही कहना है कि भोपुरा रोड पर नाले के लिए जो खुदाई की गई है यह काम जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। इस काम को पूरा करने में एक हफ्ते का समय और लगेगा।



पैसेंजर अमित किशोर ने बताया कि पिछले एक महीने में वह कई बार यहां फंस चुके हैं।

### ट्रैफिक पुलिस भी रहती है नदारद

हिंडन एयरपोर्ट के लिए रोजाना 2000 के करीब पैसेंजर्स का आना जाना लगा रहता है। इस दौरान 1984 यू टर्न के पास ट्रैफिक पुलिस तैनात की गई थी। लेकिन कई बार पीक आवर में भी ट्रैफिक पुलिस नदारद रहती है।

एयरपोर्ट अथॉरिटी का कहना है कि हमने नगर निगम को पत्र लिखा है कि हमारे पैसेंजर्स जो फ्लाइट के लिए हिंडन एयरपोर्ट पहुंच रहे है उन्हें दिक्कत हो रही है। उमेश यादव, निदेशक, हिंडन वहीं एनके चौधरी, चीफ इंजीनियर, नगर निगम का कहना था एक सप्ताह का और काम बचा है। तीन अलग-अलग स्लैब डालकर दो नालियो को कनेक्ट किया जा रहा है, यही वजह है कि थोड़ा समय लग रहा है।

# ट्रांस हिंडन एरिया में गंगाजल की सप्लाई में व्यवधान

## कई कई दिनों तक नहीं आ रहा है, लोग पानी खरीदने को मजबूर

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** ट्रांस हिंडन एरिया की कॉलोनियों में गंगाजल की सप्लाई में आए दिन व्यवधान आ रहा है। हालात यह है कि कभी कभी दो-दो दिन तक पानी नहीं आ रहा है। पानी नहीं आने से लोगों को भारी परेशानी आ रही है।

गंगाजल परियोजना के तहत ट्रांस हिंडन एरिया को 15 क्यूसेक पानी की सप्लाई की जाती है जबकि सिद्धार्थ विहार को 5 क्यूसेक गंगाजल की सप्लाई की जाती है। इन 15 क्यूसेक पानी में इंदिरापुरम, वसुंधरा, वैशाली, डेल्टा कॉलोनी को पानी सप्लाई की जाती है। लेकिन पिछले कुछ महीनों से पानी की सप्लाई में लगातार व्यवधान आ रहा है। पहले जल निगम के अधिकारियों की ओर से बताया गया कि अत्यधिक बारिश होने के कारण गंगाजल की सप्लाई में रूकावटें आ रही हैं। अब तक बारिश थम गई है तो फिर व्यवधान क्यों हो रहा है? वसुंधरा सेक्टर-2ए निवासी अभय शुक्ला का कहना है कि सेक्टर 2ए में अक्सर पानी की सप्लाई रूक जाती है।



गुरुवार सुबह पानी आने के बाद शुक्रवार और शनिवार को पानी की सप्लाई नहीं हुई है। ऐसे में लोगों को कितनी परेशानी झेलनी पडती है, यह समझा जा सकता है। इसी तरह वसुंधरा सेक्टर-4ए, बी, सी में भी लगातार पानी की सप्लाई में व्यवधान आ रहा है। कई कई दिनों तक गंगाजल की सप्लाई नहीं होती है।

वसुंधरा सेक्टर-4 ए आरडब्ल्यूए सचिव भरत डोर्बी ने कहा कि नगर निगम के पानी इतना खारा और दुर्गंध युक्त होता है कि उसे पीने के काम में नहीं लाया जा सकता है। पीने के लिए लोगों को पानी खरीदना पड रहा है। कुछ इसी तरह का हाल इंदिरापुरम कॉलोनी का भी है। न्यायखंड निवासी दिनेश उप्रेती ने बताया कि इंदिरापुरम में ज्यादातर लोग पीने के पानी के लिए कैन खरीदते हैं। यहां गंगावाटर की सप्लाई अक्सर प्रभावित होती है। कई बार नगर निगम से इसकी शिकायत की गई लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। गंगाजल परियोजना के तहत 80 क्यूसेक जल नोएडा को सप्लाई किया जाता है।

# गाजियाबाद में जारी हो रहे बायोमीट्रिक या ई-पासपोर्ट




**गाजियाबाद करंट क्राइम:** गाजियाबाद के क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ने पासपोर्ट सेवाओं में एक बड़ा कदम उठाया है। अब यहां से नागरिकों को आधुनिक चिप वाले ई-पासपोर्ट जारी किए जा रहे हैं। यह भारत की डिजिटल प्रगति का एक शानदार उदाहरण है। नया पासपोर्ट एक बायोमीट्रिक पासपोर्ट है, जिसे अक्सर ई-पासपोर्ट भी कहा जाता है। इसके कवर पेज पर एक छोटी इलेक्ट्रॉनिक चिप लगी होती है। इसमें आपकी सभी महत्वपूर्ण जानकारी डिजिटल रूप में सुरक्षित रहती है। इसमें आपके फिंगरप्रिंट, चेहरे की पहचान और अन्य व्यक्तिगत डेटा शामिल होते हैं। यह चिप आपके पासपोर्ट को नकली बनाना या उसकी डुप्लिकेट कॉपी बनाना लगभग असंभव बना देती है। अगर कोई इसे बदलने की कोशिश करता है, तो चिप में लगा सुरक्षा तंत्र इसे तुरंत पकड़ लेता है, जिससे आपकी पहचान सुरक्षित रहती है। सरकार और इमिग्रेशन अधिकारियों के लिए भी यह एक बड़ा फायदा है। वे आसानी से ट्रैक कर सकते हैं कि पासपोर्ट कब और कहां जारी किया गया, और इसका उपयोग कहां हुआ। इससे पारदर्शिता बढ़ती है और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने में मदद मिलती है।

यह पासपोर्ट जाली या नकली नहीं बनाया जा सकता है। यह न सिर्फ आपकी पहचान को सुरक्षित रखता है, बल्कि सरकारी विभागों को भी धोखाधड़ी रोकने में मदद करता है।

# रेस्टोरेंट मालिक और कर्मचारियों ने दंपति को पीटा: गाजियाबाद में शराब पीकर हंगामा

## महिला से बदसलूकी, पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में निलया ग्रीन सोसाइटी के पास स्थित एक मलाई चाप रेस्टोरेंट के बाहर मंगलवार रात गंभीर विवाद का मामला सामने आया है। इस घटना में स्थानीय निवासी नमन चौहान और उनकी पत्नी के साथ मारपीट और बदसलूकी की गई। पीड़ित परिवार ने पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए आज कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

नमन चौहान ने बताया कि वह और उनकी पत्नी मंगलवार रात सब्जी लेने के लिए निकले थे। उसी दौरान जब वे सोसाइटी के पास पहुंचे तो वहां स्थित मलाई चाप रेस्टोरेंट के मालिक और उसके कुछ कर्मचारी सड़क पर शराब पी रहे थे। नमन चौहान का आरोप है कि उसी समय वहां कुछ लोगों की पिटाई की जा रही थी। जब उन्होंने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो रेस्टोरेंट से जुड़े लोग उन पर ही टूट पड़े।



पीड़ित ने आरोप लगाया कि उनके साथ गाली-गलौज की गई और मारपीट शुरू कर दी गई। इस दौरान उनके सिर पर धारदार हथियार से हमला भी किया गया। यही नहीं, झगड़े के दौरान एक आरोपी ने उनकी पत्नी के साथ भी बदसलूकी की। अचानक हुए इस हमले से दंपति घबराकर घर पहुंचे और इसके बाद थाना बाबूधाम में शिकायत दर्ज कराई।

परिवार का कहना है कि घटना गंभीर होने के बावजूद पुलिस ने इस मामले में अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं की है। उनका आरोप है कि पुलिस केवल खानापूर्ति कर रही है, जिससे आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और उन्हें लगातार डर और धमकी का सामना करना पड़ रहा है।

न्याय की उम्मीद में परिवार कमिश्नर कार्यालय पहुंचा और अधिकारियों से मिलकर लिखित शिकायत सौंपी। परिवार का कहना है कि जब तक आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती, वे अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

# समस्याओं को लेकर कंफडरेशन ऑफ टीएचए आरडब्ल्यूएज के एक प्रतिनिधि मंडल ने महापौर से की मुलाकात

**गाजियाबाद करंट क्राइम :** कंफडरेशन ऑफ टीएचए आरडब्ल्यूएज के एक प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को नगर निगम मुख्यालय में महापौर सुनीता दयाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने महापौर को इंदिरापुरम की सीवर की समस्या, अतिक्रमण, ज्ञान खंड की पेयजल समस्या की जानकारी दी। बैठक में नगर निगम के महाप्रबंधक आनंद त्रिपाठी भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य मोहन सांगवान ने कहा कि महाप्रबंधक आनंद त्रिपाठी ने शक्ति खंड एवं नीति खंड की सीवर समस्या को दो दिन में समाधान करने का आश्वासन दिया है। ज्ञान खंड 4 की यूजीआर के खराब मोटर को तत्काल बदलने का आदेश दिया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य कुलदीप सक्सेना ने कहा कि महापौर



और महाप्रबंधक के साथ काफी उपयोगी बातचीत हुई। महापौर ने इंदिरापुरम की समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही, उनके समाधान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में मोहन सांगवान, के.के. मिश्र, कुलदीप सक्सेना उपस्थित थे।

# गाजियाबाद में युवक की चेन छीनकर भागे बदमाश

## टहलते समय वारदात को दिया अंजाम सीसीटीवी से आरोपियों की तलाश

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के गोविंदपुरम इलाके में सुबह की सैर के दौरान चेन स्नैचिंग की घटना सामने आई है। डी ब्लॉक की गली नंबर 13 में आदित्य गुप्ता सुबह सैर कर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके गले से चेन छीन ली।



सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि बदमाश पहले बाइक पर आगे निकले। फिर कुछ दूर जाकर वापस लौटे। उन्होंने तेजी से आदित्य की चेन छीनी और फरार हो गए। घटना के समय आसपास के लोगों ने शोर मचाया, लेकिन बदमाश भाग निकले।

घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर पीएसी बटालियन तैनात रहती है। वहां जवान भी मौजूद रहते हैं। इसके बावजूद बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया।

पीड़ित परिवार ने थाना कविनगर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आदित्य गुप्ता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। अधिकारियों के अनुसार सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। बदमाशों की तलाश के लिए टीम गठित की गई है।

स्थानीय लोगों ने इलाके में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।










गाजियाबाद (करंट क्राइम)। 20 सितंबर अनेकानेक कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल का जन्म दिवस महामंत्री राजेश त्यागी के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया। सुबह पहले जन्मदिवस के अवसर पर शिव मंदिर जाकर स्वच्छता अभियान चलाया गया और पूरे मंदिर को स्वच्छ कर राष्ट्रीय महामंत्री दीर्घायु हों की प्रार्थना की गई। महामंत्री अनेकानेक कार्यकर्ताओं का निर्माण करते रहें इसको लेकर एक हवन का आयोजन किया गया जिसमें उनके स्वस्थ जीवन एवं दीर्घायु की कामना की गई। उसके उपरांत सैकड़ों युवाओं ने गौशाला जाकर गौ माता की सेवा की और उन्हें भोजन और चारा ग्रहण कराया। कार्यकर्ताओं ने पटाखे फुलझड़ियों एवं केक काटकर जन्मदिवस की बधाई दी। इस अवसर पर संदीप त्यागी, मंडल उपाध्यक्ष निशांत शर्मा, मनीष त्यागी, पंकज अरोड़ा, गौरव अरोड़ा, भानु त्यागी, दिनेश पाल, मनोज पाल, लोकेश गोयल, अमरीश पांडे, निहारिका शर्मा, शिवम, नितिन, अमरीश अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने वार्ड 41 में लगवाए 12 हैंडपंप, पानी की समस्या का होगा समाधान



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने वार्ड 41 के निवासियों को बड़ी राहत देते हुए झंडापुर और महाराजपुर गांवों में 12 नए हैंडपंप लगवाए हैं। इस कदम से क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या का समाधान होने की उम्मीद है, जिससे निवासियों को स्वच्छ और पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय के कार्यकाल में यह पहला बड़ा विकास कार्य नहीं है। इससे पहले, उन्होंने लाखों रुपये की लागत से झंडापुर गांव की रोड नंबर 12 पर गलियों के निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया था, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिली।

पार्षद का कहना है कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के निवासियों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिसमें स्वच्छ पानी की आपूर्ति सबसे ऊपर है। उनका मानना है कि पानी की



समस्या का समाधान होने से लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा और उनके दैनिक कार्यों में आसानी आएगी।

इस मौके पर बृज विहार किसान मोर्चा के अध्यक्ष मनोज डागर ने वार्ड के निवासियों की ओर से पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय का आभार व्यक्त किया।

# गाजियाबाद में ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए व्यक्ति को राहत: साइबर सेल ने 24 घंटे में वापस दिलाए 20 हजार रुपए




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के आकाश नगर निवासी सुनील कुमार को साइबर ठगी से हुए नुकसान से मुक्ति मिल गई है। उन्होंने ठउफ्ढ पोर्टल पर 20 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी।

थाना मसूरी की साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले को संज्ञान में लिया। टीम ने बैंक मर्चेंट से संपर्क कर पीड़ित की पूरी रकम वापस करवाने में सफलता हासिल की।

पैसे वापस मिलने के बाद सुनील कुमार थाना मसूरी पहुंचे। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना की। साथ ही टीम का आभार व्यक्त किया। यह मामला साइबर अपराधों से निपटने में पुलिस की प्रभावी कार्यवाही का उदाहरण है।